## खबर संक्षेप



### बल्लियों एवं लकड़ी के अवैध परिवहन पर वाहन जब्त

**ढीमरखेड़ा।** वन विभाग ने देर रात ग्राम बिचुआ के पास गश्त के दौरान करीब 30 नग कीमती बल्लियों और जलाऊ लकड़ी से लदे एक चार पहिया वाहन को पकड़ने में कामयाबी हासिल की है। जानकारी के अनुसार, वन विभाग की टीम बीती रात जब नियमित गश्त पर थी, तभी ग्राम बिचुआ के समीप एक संदिग्ध वाहन आता हुआ दिखाई दिया। टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए वाहन को रोककर तलाशी ली, तो उसमें भारी मात्रा में लकड़ी लदी पाई गई। परिवहन से संबंधित वैध दस्तावेज न होने के कारण टीम ने वाहन को तत्काल अपने कब्जे में ले लिया रेंजर अजय मिश्रा ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि वाहन को जब्त कर लिया गया है और मामले की जांच शुरू कर दी गई है। लकड़ी के स्रोत और उसकी वैधता की पड़ताल की जा रही हैं। जांच के आधार पर दोषियों के खिलाफ सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई में रेंजर अजय मिश्रा के निर्देशन में डिप्टी रेंजर अशोक कोल, प्रदीप तिवारी, कमलेश बर्मन, रामकुमार कुशवाहा, विनीश सिंह और सुजाता गोंड की मुख्य भूमिका रही।

### ट्रक की चपेट में आने से युवक की दर्दनाक मौत

**कटनी।** माधवनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले जरवाही छैघरा निवार रोड पर बीती शाम तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक ने घर लौट रहे एक युवक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान राममिलन कुशवाहा 19 वर्ष पिता संजय कुशवाहा के रूप में हुई है। राममिलन ग्राम जरवाही का निवासी था। बताया गया कि राममिलन शाम करीब 7 अपने घर की ओर जा रहा था, तभी सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने उसे सीधी टक्कर मार दी। हादसे के बाद मौके पर स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने घटनास्थल पर पहुँचकर स्थिति को संभाला। पुलिस ने पंचनामा तैयार कर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भिजवाया। ट्रक चालक के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 281 और 106(1) के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है और आरोपी ट्रक चालक की तलाश जारी है।

### बस स्टैंड में मूल भूत सुविधा का अभाव भटक रहे यात्री

**सिलौंडी।** सिलौंडी बस स्टैंड में मूल भूत सुविधा का अभाव बना हुआ है। बस स्टैंड में बड़ी संख्या में लोगों का आना जाना होता है लेकिन प्रसाधन के लिए भटकना पड़ रहा है। रोजाना 30 से 40 बसों का आवागमन होने के बाद भी बस खड़ी करने की जगह नही है। जिला कलेक्टर से लेकर भोपाल स्तर में शिकायत होने के बाद भी एक प्रसाधन ,एक प्रतीक्षा लय भी नही बना पर रहा है। ग्रामीण ने बताया कि सिर्फ वोट बैंक की राजनीति के बाद आज सिलौंडी विकास की होड़ में पीछे हो रहा है । महिलाएं , छात्राए प्रसाधन सुविधा नही होने के कारण परेशान है। होली पर्व के कारण रोज से प्रवासी लोगों के आने जाने क्रम जारी है। बस स्टैंड में सुविधा नहीं होने के कारण महिलाएं भटकने को मजबूर है। सभी बड़ी बात क्षेत्र में महिला जन प्रतिनिधि की संख्या बहुत अधिक है। मगर जब महिला जन प्रतिनिधि ही पावर में होने के बाद भी महिलाएं की समस्या का निदान कर पा रही। प्रशासन में भी एसडीएम, तहसीदार जैसे प्रमुख पद पर भी महिला होने के बाद भी एक आम महिला भटकने को मजबूर है। ग्रामीण ने बताया सिलौंडी में विकास कार्य नही हो रहे है। बस स्टैंड शराबी लोग का अड्डा बनकर रह गया है। शासन प्रशासन को जनता की समस्या से कोई मतलब नहीं है।

---

### बनेहरी गांव में बीते एक पखवाड़े से गहराया जल संकट, जिम्मेदार बेपरवाह

# पेयजल संकट से जूझ रहे ग्रामीण, हैंडपंप भी तोड़ रहे दम, नल जल योजना पड़ी ठप

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान

गर्मी की आहट के साथ ही विकासखंड ढीमरखेड़ा अंतर्गत ग्राम पंचायत बम्हनी के बनेहरी गांव में पेयजल संकट गहराने लगा है। गांव में लगे अधिकांश हैंडपंप पानी देने के बजाय हवा उगल रहे हैं, जबकि पंचायत की बोरिंग भी बंद पड़ी है। नलजल योजना ठप होने से ग्रामीणों को बीते 15 दिनों से भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पंचायत के जिम्मेदारों ने बताया कि बनेहरी में बोरिंग से पानी कम आता है। दूसरा बोर कराने के लिए अधिकारियों को पत्राचार किया है। गर्मी के दिनों में पानी की समस्या ज्यादा बढ़ जाती है।



#### दूसरा कोई विकल्प नहीं

गांव की सुमन बाई, आशा बाई, लायची बाई, मुलिया बाई, फूल बाई, गिरानी लाल, संतोष पटेल सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि बनेहरी गांव में नल जल योजना ठप्प पड़ी है। घरों तक पानी सप्लाई के लिए कराई गई बोरिंग से पानी नहीं आ रहा है। सबमर्शियल (मोटर) खराब है जिससे टंकी तक पानी नहीं पहुंच पा रहा और घरों में सप्लाई पूरी तरह बंद है। उन्होंने बताया कि पानी की आवश्यकता हर एक व्यक्ति को रहती है।गांव में पानी का कोई अन्य वैकल्पिक साधन उपलब्ध नहीं है, जिसके चलते लोगों को बूंद-बूंद पानी के लिए भटकना पड़ रहा है।

#### पेयजल के लिए भटकाव

ग्रामीणों का कहना है कि शिकायत के बाद भी जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहे हैं। गांव के अंगद पटेल, चमन प्रकाश पटेल, अरविंद पटेल, मुकेश पटेल ने बताया कि गांव में स्थित पेट्रोल पंप की बोरिंग ही फिलहाल सहारा बनी हुई है।

पंप की बोरिंग चालू कर शटकर लगाकर ग्रामीण पानी भर रहे हैं। जैसे ही बोर चालू होता है, एक ही स्थान पर बड़ी संख्या में लोग पानी भरने के लिए एकत्र हो जाते हैं, जिससे अव्यवस्था की स्थिति भी बन रही है। मुख्य मार्ग होने के कारण ग्रामीणों को आवाजाही में भी दिक्कत होती है।

#### इनका कहना है

इस संबंध में सरपंच बम्हनी अनीता कोरी का कहना है कि मशीन खराब होने के कारण पानी नहीं आ रहा है। मशीन का सुधार कार्य कराया जा रहा है। वहां बोरिंग में पानी भी रहता है। कुछ दिनों तक पानी चलने के बाद पानी नहीं निकलता है। पानी की समस्या को लेकर जनपद पंचायत और पीएचई विभाग के अधिकारियों को भी पत्राचार कर अवगत कराया गया है।

---

# क्रेशर प्लांट में घुस आया तेंदुआ का शावक वन विभाग ने किया रेस्क्यू

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



बरही वन परिक्षेत्र के जाजागढ़ क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर एक क्रेशर प्लांट के कार्यालय में तेंदुए का शावक घुस गया। अचानक कार्यालय के भीतर शावक को देख वहां मौजूद कर्मचारियों में अफरा-तफरी और दहशत फैल गई। शावक की उम्र लगभग दो माह बताई जा रही है।जैसे ही शावक कार्यालय में घुसा, इसकी सूचना तत्काल वन विभाग को दी गई। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और सावधानीपूर्वक रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया रेंजर गोविंद नारायण शुक्ला ने जानकारी दी कि यह शावक जंगल से भटककर क्रेशर प्लांट के परिसर में आ गया था।

#### मां से मिलाने का प्रयास

टीम ने उसे सुरक्षित पकड़कर अपने संरक्षण में ले लिया है। फिलहाल शावक को एक सुरक्षित स्थान पर रखकर उसकी निगरानी की जा रही है। वन विभाग की प्राथमिकता अब शावक को उसकी मां से दोबारा मिलाना है। विभाग द्वारा क्षेत्र में लगातार गश्त की जा रही है। आसपास के ग्रामीणों और शावक दोनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को तैनात किया गया है। एसडीओ सुरेश बरोले ने बताया कि शावक पूरी तरह सुरक्षित है। उसे उसी क्षेत्र में रखकर मां के आने का इंतजार किया जा रहा है। यदि मां नहीं पहुंचती है, तो विभाग आगे की आवश्यक कार्रवाई करेगा।

### बड़खेरा बिलहरी में प्रतिमा अनावरण समारोह आज

**स्लीमनाबाद।** समीपस्थ ग्राम पंचायत बड़खेड़ा बिलहरी में आज रविवार को शहीद राजा अमर सिंह महतो (लोधी )की प्रतिमा का अनावरण समारोह कार्यक्रम आयोजित है जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व राज्य मंत्री एवं लोधी -लोधा लोध प्रदेश अध्यक्ष जालम सिंह लोधी होंगे। आयोजक समस्त ग्रामवासियों ने लोगों से अधिक से अधिक संख्या मै पहुंचने का आग्रह किया है।

---

*थाना परिसर में शांति समिति की बैठक का हुआ आयोजन*

# होली में हुडदंग करना पड़ेगा भारी, पुलिस सख्ती से निपटेगी, डीजे पर रहेगा प्रतिबंध

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

होली, चैत्र नवरात्रि और ईदुल फितर पर्व को लेकर स्लीमनाबाद पुलिस थाना में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।इस दौरान एसडीएम राकेश चौरसिया, एसडीओपी आकांक्षा चतुर्वेदी, नायब तहसीलदार आकाशदीप नामदेव, थाना प्रभारी सुदेश कुमार सुमन उपस्थित रहे!जिसमे एसडीएम राकेश चौरसिया ने उपस्थित लोगों से होली पर्व शांतिपूर्वक मनाने की अपील की। साथ ही सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट न डालने की बात कही गई। भड़काऊ गाना न बजाए नही तो कारवाई की जाएगी। जबरन किसी को रंग न लगाएं,आपसी सामंजस्य से एक दूसरे को रंग-गुलाल लगाए और हंसी खुशी त्यौहार मनाए।



एसडीओपी आकांक्षा चतुर्वेदी ने कहा कि होली के मौके पर रंग में भंग करने वालों को पुलिस सख्ती के साथ निपटेगी। उन्होंने कहा कि पुलिस असमाजिक तत्वों पर नजर बनाए रखी है। क्षेत्र में पुलिस पेट्रोलिंग हमेशा जारी रहेगी।सड़क दुर्घटना जैसे मामलों को देखते हुए उन्होंने ड्रिंक एवं ड्राइव मामले में भी उन्होंने प्रकाश डालते हुए समिति के सदस्यों के माध्यम से आम जनों से अपील कि त्योहारों के दौरान शराब का सेवन कर वाहन ना चलाएं। ऐसे मामले में पकड़े जाने पर संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

थाना प्रभारी सुदेश कुमार सुमन ने कहा कि होली त्योहार के मद्देनजर चप्पे-चप्पे पर पुलिस की तैनाती रहेगी। किसी को भी सड़क पर शराब पीकर हुड़दंग करने की इजाजत नहीं होगी।अनावश्यक रूप से लोगों को परेशान नहीं करे। शांतिपूर्ण तरीके से होली संपन्न हो, होलिका दहन में कोई हुड़दंगई न हो इसका ध्यान रखे। शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए, अश्लील गाने बजाकर अश्लीलता फैलाने से रोकने के लिए डीजे और बॉक्स पर प्रतिबंध रहेगा।

शांति समिति के सदस्यों के माध्यम से उन्होंने आमजनों से अपील कि त्यौहार के दौरान किसी भी अप्रिय घटना की सूचना पुलिस प्रशासन को जरूर दें। जिससे समय पर कार्रवाई की जा सके।

वही उपस्थित लोगों ने अपने अपने क्षेत्र में होने वाली समस्याओं से अवगत कराया।

---

### उमरियापान थाना परिसर में हुई शांति समिति की बैठक



होली और रमजान पर्व को लेकर उमरियापान पुलिस थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई।बैठक में तहसीलदार आकांक्षा चौरसिया एवं थाना प्रभारी महेन्द्र जायसवाल ने पर्वों के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अधिकारियों ने कहा कि होली के अवसर पर किसी को जबरदस्ती रंग-गुलाल न लगाएं। बिजली तारों और फसलों के समीप होलिका दहन न करें। वहीं रमजान पर्व को भी आपसी भाईचारे और सद्भाव के साथ मनाएं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न देने और सोशल मीडिया पर भ्रामक संदेश साझा न करने की सलाह दी। साथ ही किसी भी अप्रिय घटना या संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस प्रशासन को देने की बात कही गई। बैठक में मास्टर शिवकुमार चौरसिया,राजेश चौरसिया,बसंत चौरसिया, राजेश ब्यौहार,राजेंद्र पटेल,वंशरूप चौरसिया,सुखदेव चौरसिया,शैलेंद्र पौराणिक,धन्नू सोनी,संदीप सोनी,अंकित झारिया, प्रदीप चौरसिया,मनोज चौरसिया,अनिल मिश्रा,कैलाश साहू,बलराम गर्ग,प्रमोद असाटी,संतू चौरसिया,पारस पटेल, राजाराम काछी, अशोक दाहिया,राजेश राय,मकरंद काछी, दिनेश गुप्ता,अनिल नामदेव,पप्पू चौरसिया आदि उपस्थित रहे।

---

# कृषि विभाग की 'ई-विकास' प्रणाली का बदला डोमेन, नए पोर्टल पर होंगे कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मप्र कृषि विभाग की महत्वपूर्ण 'ई-विकास' प्रणाली के वेब एड्रेस (डोमेन) में बदलाव किया गया है। अब पुराने डोमेन को बंद कर दिया गया है और सभी सेवाओं को नए सुरक्षित डोमेन पर स्थानांतरित कर दिया गया है। अब ई-विकास प्रणाली से संबंधित सभी कार्यों के लिए https://evikas.mpkrishi.mp.gov.in/ लिंक का उपयोग करना होगा। जबकि पुराना लिंक https://etoken.mpkrishi.org/ अब उपयोग में नहीं रहेगा।

किसानों की सुविधा के लिए उर्वरक वितरण ई-विकास प्रणाली लागू की गई है। इस नई व्यवस्था के तहत अब किसानों को खाद (उर्वरक) प्राप्त करने के लिए लंबी कतारों में नहीं लगना होगा और मोबाईल व कियोस्क सेंटर के माध्यम से वे अपना ई-टोकन प्राप्त कर सकेंगे। ई-विकास प्रणाली में ई-टोकन प्राप्त करने हेतु किसान ई-विकास प्रणाली पोर्टल पर अपने आधार नंबर और मोबाइल ओटीपी के माध्यम से लॉगिन कर पंजीकरण कर सकते हैं। पंजीयन होते ही पोर्टल में स्वतः ही 'AgriStack' के माध्यम से किसान की भूमि की जानकारी प्रदर्शित हो जायेगी। कृषकों को प्रदर्शित भूमि की जानकारी के अनुसार खसरा अनुसार बोई गई फसलों की जानकारी स्वयं ही दर्ज करनी होगी। भूमि के रकबे एवं दर्ज की गई फसल की जानकारी के आधार पर पोर्टल स्वतः ही वैज्ञानिक अनुशंसा अनुसार उर्वरक की गणना कर किसान को आवश्यक कुल उर्वरक की मात्रा प्रदर्शित हो जायेगी। प्रदर्शित उर्वरक की मात्रा अनुसार किसान अपनी सुविधा अनुसार नजदीकी खाद विक्रय केंद्र (जिला विपणन केन्द्र, मार्केटिंग सोसाइटी, सहकारी समितियों, एमपी एग्रो या निजी विक्रेता) का चयन कर डिजिटल ई-टोकन जनरेट कर सकेंगे। किसान यह भी चयन करेगेंगे कि वे सहकारी समिति के सदस्य है कि नहीं। यदि वे सहकारी समिति के सदस्य है तो वे सहकारी समितियों का विकल्प चयन कर ई-टोकन प्राप्त कर सकेगें। ई-टोकन जनरेट होने के बाद किसान को निर्धारित तिथि से 3 दिन (अवकाश दिवसों को छोड़कर) के भीतर खाद उठाना अनिवार्य है अन्यथा ई-टोकन स्वतः निरस्त हो जाएगा।

---

*सर्वाइकल कैंसर के एचपीवी टीकारण अभियान का शुभारंभ*

# रोकथामः जिले में 16 हजार से अधिक किशोरियों को लगेगा एचपीवी टीका

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

महिलाओं में होने वाले सर्वाइकल कैंसर (गर्भाशय ग्रीवा का कैंसर) की रोकथाम के लिए जिला चिकित्सालय कटनी में शनिवार को एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण अभियान का औपचारिक शुभारंभ 3 किशोरियों को टीका लगाकर किया गया।

अभियान के पहले दिन कलेक्टर श्री तिवारी की मौजूदगी में तीन किशोरियों श्रृष्टी सोनी, खुशी पाण्डे और मंदाकनी कोल का टीकाकरण किया गया। इन बालिकाओं को 'यूविन' पोर्टल के माध्यम से तत्काल टीकाकरण का डिजिटल प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया और पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया।



कलेक्टर आशीष तिवारी ने अभिभावकों से आग्रह किया कि एचपीवी वैक्सीन पूरी तरह सुरक्षित, प्रभावी और वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित है। यह बाजार में लगभग 4 हजार रुपये की आती है, लेकिन शासन द्वारा इसे निःशुल्क उपलब्ध कराया जा रहा है। इसलिये सभी पालक व अभिभावक अपनी 14 से 15 वर्ष की बेटियों को यह सुरक्षा कवच जरूर दिलाएं।

#### कहां कितनी किशोरियां

अभियान के तहत जिले में कुल 16,258 किशोरियों को एचपीवी टीकाकृत करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके अंतर्गत विजयराघवगढ़ में 2650, कटनी शहरी में 2772, बहोरीबंद में 2500, ढीमरखेड़ा में 2234, कटनी ग्रामीण में 1854, रीठी में 1598, बड़वारा में 1350 और बरही में 1300 किशोरियों का टीकाकरण किया जाएगा। इसके लिये जिला अस्पताल के अलावा उमरियापान, बरही, बड़वारा, पहाड़ी, रीठी, विजयराघवगढ़ और बहोरीबंद के स्वास्थ्य केंद्रों पर भी टीकाकरण की यह सुविधा उपलब्ध है।

टीकाकरण शुभारंभ अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राज सिंह ठाकुर, सिविल सर्जन डॉ. यशवंत वर्मा, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. समीर सिंघई, डॉ. मनीष मिश्रा, संभागीय सलाहकार निहार दीवान सहित स्वास्थ्य विभाग का समस्त अमला उपस्थित रहा।

---

### योजनाओं एवं कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में कोताही पर तय होगी जवाबदेही

# मातृ एवं शिशु मृत्यु और कुपोषण के विरूद्ध प्रभावी पहल करने की दी हिदायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मैदानी स्तर पर स्वास्थ्य योजनाओं एवं कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। स्वास्थ्य और महिला एवं बाल विकास विभाग आपसी समन्वय से कुपोषण एवं जिले के स्वास्थ्य सूचकांकों की बेहतरी के लिये कार्य करें। कोताही बरतने वालों की जवाबदेही सुनिश्चित कर कड़ी कार्यवाही की जायेगी। कलेक्टर श्री आशीष तिवारी ने यह निर्देश जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग की योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा के दौरान दिये। इस दौरान जिला पंचायत की सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर भी मौजूद रहीं।



कलेक्टर श्री तिवारी ने गर्भवती माताओं के संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देनें, गर्भवती माताओं के नियमित जांच करने और स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास के तालमेल से मातृ एवं शिशु मृत्यु और कुपोषण के विरूद्ध प्रभावी पहल करने की हिदायत दी।

कलेक्टर श्री तिवारी ने जिला चिकित्सालय कटनी के पोषण पुनर्वास केन्द्र में बेड ऑक्यूपेंसी कम होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुये कहा कि महिला बाल विकास के साथ मिलकर गांवों से कुपोषित बच्चों का चिन्हांकन कर पोषण पुनर्वास केन्द्र में भर्ती करायें। साथ ही सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में ओपीडी तथा आईपीडी में आने वाले मध्यम कुपोषित और अति गंभीर कुपोषित बच्चों को भी पोषण पुनर्वास केन्द्र में भर्ती कराना सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

कलेक्टर ने हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं का चिन्हांकन एवं प्रबंधन कर पोर्टल में प्रसव पश्चात 3 दिन के भीतर शत-प्रतिशत इंट्री करने की हिदायत दी। उन्होंने सभी गर्भवती महिलाओं का अनमोल पोर्टल में 100 फीसदी पंजीयन सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिये।

शहरी क्षेत्र में लक्ष्य के विरूद्ध कम पंजीयन होने पर डिप्टी कलेक्टर ज्योति लिल्हारे को फार्मेट तैयार कर निजी नर्सिंग होम से प्रत्येक 15-15 दिनों पर डाटा एकत्रित कर पोर्टल पर इंट्री कराने का दायित्व एपीएम को सौंपा।

कलेक्टर ने टीबी मुक्त भारत अभियान की समीक्षा करते हुये शत-प्रतिशत स्क्रीनिंग करने और चिन्हित टीबी मरीजों को निक्षय फूड बास्केट सभी को वितरित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाये। उन्होंने बहोरीबंद के कुआं और ढीमरखेड़ा के कारोपानी प्रसव केन्द्रों को क्रियाशील करने हेतु यहां पदस्थ एएनएम को जिला चिकित्सालय में प्रशिक्षण दिलानें के निर्देश दिये।

राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत कटनी जिले का प्रदेश में तीसरा स्थान होने पर कलेक्टर ने आरबीएसके समन्वयक की सराहना किया। बैठक में सीएमएचओ डॉ. राज सिंह ठाकुर, सिविल सर्जन डॉ. यशवंत वर्मा, जिला कार्यक्रम अधिकारी प्रतिभा पाण्डेय सहित अधिकारी मौजूद रहे।

---

# टॉवर लगाने के नाम पर लाखों रूपये की धोखाधड़ी

**पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच पड़ताल किया प्रारंभ**

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

माधवनगर थाना क्षेत्र में एक जालसाज ने मोबाइल टावर लगाने का झांसा देकर एक व्यक्ति से लाखों रुपये ऐंठ लिए। पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर धारा 318(4) BNS एवं 420 IPC के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार हेमू कॉलोनी वार्ड माधवनगर निवासी मनोहर नैनवानी 59 वर्ष ने थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि अज्ञात व्यक्ति ने उन्हें अपने घर पर मोबाइल टावर लगवाने का लालच दिया। टावर लगाने की प्रक्रिया और विभिन्न शुल्कों के नाम पर आरोपी ने 31 मार्च 2025 से 27 फरवरी 2026 के बीच किश्तों में कुल 4,50,000 रुपये की धोखाधड़ी की। धोखाधड़ी का सिलसिला पिछले एक साल से चल रहा था, जिसकी रिपोर्ट 27 फरवरी को दर्ज कराई गई। आरोपी ने प्रार्थी को टावर लगाने का झांसा देकर विश्वास में लिया और छल-कपट पूर्वक मोटी रकम जमा करवा ली। पुलिस ने प्रार्थी द्वारा बताये गये मोबाइल नंबर के धारक एवं उसके अन्य साथियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अब उक्त मोबाइल नंबर की लोकेशन और बैंक ट्रांजेक्शन की जानकारी जुटा रही है ताकि आरोपियों तक पहुँचा जा सके।

## खबर संक्षेप



### वैज्ञानिक अवष्किार एवं नवाचार पर व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन

**सिलौड़ी।** शनिवार को शासकीय महाविद्यालय सिलौंडी में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के अंतर्गत राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर वैज्ञानिक आविष्कार एवं नवाचार विषय पर प्राचार्य रतीराम अहिरवार के मार्गदर्शन में व्याख्यान एवं प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया इसमें महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा भाग लिया गया। उक्त प्रश्नों का वाचन डॉक्टर हेमंत कुमार चौरसिया के द्वारा किया गया इसमें समस्त छात्र-छात्र एवं महाविद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

### जिले के लिए पहुंची 550 मीट्रिक टन डीएपी

**कटनी।** कलेक्टर आशीष तिवारी के निरंतर प्रयासों से जिले में डीएपी खाद की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु शुक्रवार को 550 मीट्रिक टन डीएपी की एक रैक झुकेही रैक प्वाइंट पर आ गई है। इससे जिले में डीएपी की पर्याप्त उपलब्धता हो गई है और किसानों को जरूरत के मुताबिक पर्याप्त खाद मिल सकेगी। कलेक्टर श्री तिवारी ने अधिकारियों को खाद वितरण केन्द्रों का नियमित निरीक्षण करने, किसानों से संवाद करने और पीओएस मशीन में उर्वरक स्टॉक की उपलब्धता देखकर इसका भौतिक सत्यापन अवश्य करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने अधिकारियों को हिदायत दी है कि उर्वरक वितरण व्यवस्था पर पैनी नजर रखें ताकि किसानों को सहजता से खाद मिल सके। जिला विपणन अधिकारी आनन्द नारायण पांडे ने बताया कि आई रैक से कटनी डबल लॉक केन्द्र के लिए 110 मीट्रिक टन, बहोरीबंद डबल लॉक केन्द्र के लिए 100 मीट्रिक टन तथा मझगवां बड़वारा डबल लॉक केन्द्र के लिए 100 मीट्रिक टन नीम कोटेड यूरिया उर्वरक आवंटित की गई है। इसी प्रकार सहकारी केन्द्रीय बैंक कटनी को 180 एवं एमपी एग्रो कटनी को 60 मीट्रिक टन खाद मिली है। जिससे यहां के किसानों को पर्याप्त मात्रा में उनकी जरूरत के मुताबिक उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित हो सकेगी।

### आवेदनों पर तत्परता पूर्वक कार्यवाही करने के दिए निर्देश

**कटनी।** कलेक्टर आशीष तिवारी एवं जिला पंचायत की सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर के निर्देश पर संकल्प से समाधान अभियान के अंतर्गत आयोजित शिविरों में ग्रामीणों की समस्याओं का निराकरण किया जा रहा है। इसी अनुक्रम में जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा की ग्राम पंचायत कछारगांव छोटा में आयोजित संकल्प से समाधान शिविर का निरीक्षण जनपद पंचायत के सीईओ यजुवेंद्र कोरी ने किया। शिविर में ग्राम पंचायत बरहटा, अतरसुमा, घाना, गूडा, इटोली,कछारगांव बड़ा शामिल हुई। शिविर में विभिन्न विभागों के 379 आवेदन पत्र प्राप्त हुए जिनमें से 307 आवेदन पत्रों का मौके पर ही निराकरण किया गया। 49 आवेदन पत्र अस्वीकृत एवं 20 आवेदन पत्र लंबित रहे। जनपद पंचायत के सीईओ श्री कोरी ने लंबित आवेदन पत्रों पर तत्परता पूरक कार्यवाही करते हुए यथोचित निराकरण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। शिविर के दौरान समस्त कर्मचारी एवं ग्रामीणों को पालीथीन का उपयोग ना करने की शपथ जनाभियान परिषद के द्वारा दिलाई गई। इस दौरान विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

### गंदगी फैलाने पर 2500 रुपये का स्पॉट फाइन

**कटनी।** शहर की स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाए रखने के उद्देश्य से नगर निगम कटनी द्वारा स्वच्छता नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही निरंतर जारी है। सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी फैलाने एवं निर्धारित नियमों की अवहेलना करने पर संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध 2500 रुपये का स्पॉट फाइन लगाया गया। यह कार्यवाही जोन क्रमांक 3 ओवर ब्रिज शनि मंदिर तथा जोन क्रमांक 7 झिंझरी में की गई।

---

### आधुनिकता के दौर में गुम हो रही संस्कृति, पहले महीने भर चलता था उत्सव

# सिमट रहीं लोक परंपरायें : अब गांवों में भी कम सुनाई देती हैं होली में फागें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

रंगों का पर्व होली के अब महज दो दिनों का समय बचा है। 2 मार्च को होलिका दहन व 4 मार्च को धुलेडी मनाई जाएगी। होली को पर्व को लेकर अब पहले जैसी लोक संस्कृति देखने को नही मिलती।जहां दो दशक पहले तक शहर, कस्बों और गांव की गली मोहल्लों में होली से 15 दिन पहले फाग उत्सव शुरू हो जाता था। फाग के गीतों से माहौल सराबोर रहता था। बदलते दौर के साथ फाग उत्सव के दिन की तरह फाग मनाने की लोक संस्कृति भी सिमट गई है। टीवी, मोबाइल के दौर में सदियों पुरानी फाग मनाने की लोक संस्कृति अब धीरे धीरे सिमटने लगी है। हालांकि समय के साथ अब इसका स्वरूप बदला है। होली से पहले फाग उत्सव मनाने की परंपरा रही है, फाग उत्सव में चंग की थाप पर लोक गीत गाए जाते हैं। इन गीतों में देवर भाभी की नोक झोंक और प्रेम को गीत के माध्यम से गया जाता है।वहीं राधा कृष्ण की ओर से खेली गई होली का गुणगान किया जाता है।

फाग के गीत लोक संस्कृति का हिस्सा हैं, वर्तमान में फाग उत्सव के बड़े-बड़े आयोजन किए जाते हैं। फाग मनाने की परंपरा के साथ होली दहन के बाद ढूंढ की भी निभाई जाती है।हालांकि वर्तमान समय में टीवी और मोबाइल ने फाग की प्राचीन लोक संस्कृति की परंपरा को काफी पीछे धकेल दिया है। अब चंद ही इलाकों में देर शाम चंग की आवाज और फाग के गीत सुनाई देते हैं। होली के रसियो ने कहा कि फाग उत्सव में 15 दिन तक हर रोज देर शाम चंग बजाने और फाग के गीत गाने के अलावा गैर नृत्य किया जाता था।



#### होली का डंडा रोपने की की परंपरा भी सिमटी

ग्राम कोहका के 75 वर्षीय महेश यादव,75 वर्षीय राजकुमार यादव,80 वर्षीय बुल्ली यादव ने बताया कि एक ओर जहां होली दहन से 15 दिन पहले ग्रामीण अंचलों मैं होली का डंडा रोपने की तैयारियां शुरू हो जाती थी। हालांकि, अब अधिकांश जगह यह डंडा होलिका दहन के दो_तीन पहले रोप कर खानापूर्ति की जाती है।होली जैसा महत्वपूर्ण पर्व पहले महीने भर तक मनाया जाता था, अब महज दो दिन का रह गया है।होली के उत्सव का पहला काम होली का डंडा गाडऩा होता है। होली का डंडा एक प्रकार का पौधा होता है, जिसे सेम, रतन ज्योत का पौधा कहते है।



पं.रमाकांत पौराणिक ने बताया कि होली का पर्व भक्त प्रह्लाद का प्रतीक माना जाता है। होली के दिन इसके चारो ओर छड़ी के ढेर लगा दिए जाते है। महिलाएं दिन में होलिका की पूजा करती है। रात्रि में होलिका दहन कर दिया जाता है। फाल्गुन मास की पूर्णिमा की रात्रि को होलिका दहन किया जाता है।

---



## बागवानी एवं वर्टिकल गार्डनिंग का दिया गया तकनीकी प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

वीरांगना रानी दुर्गावती शासकीय महाविद्यालय बहोरीबंद में मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा विद्यार्थियों को व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत शिक्षा के साथ स्वरोजगार स्थापित करने कृषि को लाभ का धंधा बनाने कम लागत तकनीकी जीरो बजट फार्मिंग के अंतर्गत प्राचार्य डॉ इंद्र कुमार के मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण समन्वयक डॉ मंजू द्विवेदी के सहयोग से जैविक कृषि विशेषज्ञ राम सुख दुबे द्वारा विद्यार्थियों को जैविक कृषि का प्रशिक्षण दिया गया।

छत पर उद्यानिकी को रूफटॉप गार्डन या टेरेस गार्डन के रूप में जाना जाता है। छत पर उद्यानिकी विधि के अंतर्गत छत पर बागवानी के लिए गमले की तैयारी गमलों की भराई एवं जगह का चुनाव गमलों को रखने का तरीका टेरेस गार्डनिंग के लिए उपयुक्त पौधे सब्जियां फलों एवं फूलों के पौधे पत्तेदार सब्जियां जड़ी बूटियां शोभादार पौधे तथा खाद एवं पोषक तत्व सिंचाई खरपतवार नियंत्रण कीट एवंरोगप्रबंधन का तकनीकी प्रशिक्षण दिया गया।

#### वर्टिकल गार्डिनिंग

प्रशिक्षण के क्रम में वर्टिकल गार्डनिंग के अंतर्गत सब्जियों फल फूल तथा सजावटी एवं शोभादार पौधों को इन डोर या आउटडोर दीवारों खिड़कियों पर हैंगिंग पॉट्स और ग्रो बैग या प्लांट स्टैंड में गमलों को रखकर उनमें पेड़ पौधों को लगाना वर्टिकल गार्डनिंग कहलाता है इस विधि में कम जगह मैं अधिक पौधे लगा सकते हैं। सजावटी पौधों के अंतर्गत मनी प्लांट स्नेक प्लांट कैक्टस एलोवेरा फूल वाले पौधे जरबेरा गुलदाउदी जेरेनियम बिगोनिया तथा सब्जी वाले पौधों टमाटर लौकी बीन्स करेला मटर लोबिया तोरई आदि को लगाने का तकनीकी प्रशिक्षण दिया गया।

---

### राष्ट्रीय सेवा योजना के 7 दिवसीय शिविर का हुआ समापन

## सांस्कृतिक कार्यक्रमों की दी प्रस्तुतियां, प्रतिभागियों को किया गया पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय स्लीमनाबाद की राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई के द्वारा गोद लिए ग्राम पंचायत तिहारी मैं सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। सात दिवसीय शिविर का समापन सेवा कार्यों के साथ शनिवार को हुआ।

महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ सरिता पांडे ने छात्रों को राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व के बारे में बताया।कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़कर अपने व्यक्तित्व का विकास कर सकते है। शिविर का मुख्य उद्देश्य स्वच्छता स्वास्थ्य एवं बालिका शिक्षा, कुपोषण, रक्तदान एच. आई. व्ही संक्रमण के विरुद्ध



जागरुकता, फाइलेरिया रोग उन्मूलन आदि विषयों पर आयोजित रहा। गोद लिए ग्राम तिहारी मैं स्वयंसेवकों के द्वारा घर-घर जाकर जनता को जागरुक किया गया एवं रैली निकालकर स्लोगनों के साथ लोगों में जागृति फैलाई गई एवं गाँव के पास स्थित सार्वजनिक स्थलों में साफ-सफाई की गई। इसके अतिरिक्त नाटक एवं गायन के माध्यम से जल बचाओ, स्वच्छता ही जीवन है, बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं जैसे नीति वाक्यों के साथ जनजागृति के कार्य किए गए। वहीं डॉ किरण खरादी द्वारा लक्ष्य जीत का गायन कराया गया! क्रीड़ा अधिकारी शैलेंद्र सिंह जाट द्वारा सात दिवसीय गतिविधियों पर प्रकाश डाला गया!एनएसएस प्रभारी आशुतोष कुमार सोनी ने छात्र-छात्राओं की दैनिक गतिविधियों पर प्रकाश डाला एनएसएस की सह प्रभारी डॉक्टर सपना द्विवेदी ने महाविद्यालय परिवार विद्यालय परिवार गोद ग्राम तिहारी कि समाज सेवियों का आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में ग्राम तिहारीसरपंच सुनील गुप्ता एवं महाविद्यालय की वाणिज्य विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ राजेश कुमार कुशवाहा एवं समस्त महाविद्यालय परिवार का योगदान सराहनीय रहा। कार्यक्रम मैं सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतियां दी गई व स्वयं सेवकों को प्रशस्ति पत्र भेंट किये गए।

---

## मृदा स्वास्थ्य संरक्षण एवं संवर्धन का दिया प्रशिक्षण



कृषि विज्ञान केंद्र कटनी में किसानों को संतुलित खेती और मृदा संरक्षण के प्रति जागरुक करने के उद्देश्य से हिंदुस्तान उर्वरक रसायन लिमिटेड की ओर से उर्वरक मंत्रालय के निर्देश पर मृदा स्वास्थ्य एवं संरक्षण जागरुकता अभियान आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम केंद्र के कृषि वैज्ञानिक डॉ ऐ के तोमर, डॉ आर .के मिश्रा, डॉ शशि गौर,,डॉ, डॉ अर्पिता श्रीवास्तव, डॉ आर .पी बैन,डॉ के पी द्विवेदी डॉ संदीप चंद्रवंशी, प्रियंका धुर्वे की उपस्थिति में आयोजित किया है कार्यक्रम में हिंदुस्तान उर्वरक रसायन लिमिटेड की ओर से श्री किशन सिंह ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि बिना मिट्टी की जांच कराए अंधाधुंध रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के प्रयोग से भूमि की उर्वरता लगातार घट रही है। इससे उत्पादन लागत बढ़ती है और फसल की गुणवत्ता पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। वैज्ञानिक / विशेषज्ञों ने किसानों को सलाह दी कि वे मृदा परीक्षण के आधार पर ही संतुलित मात्रा में उर्वरक का उपयोग करें तथा जैव उर्वरकों को अपनाकर मिट्टी की सेहत सुधारें। अभियान के दौरान किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड, परीक्षण प्रक्रिया और सरकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई। अधिकारियों ने कहा कि स्वस्थ मिट्टी ही समृद्ध किसान और सुरक्षित भविष्य की आधारशिला है।

---

## संकल्प से समाधान अभियान के तहत शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में शिविर कल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उमरियापान

कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर संकल्प से समाधान अभियान के तहत सोमवार 2 मार्च को कटनी (एम कार्पोरेशन) में शिविर का आयोजन किया गया है। इन शिविरों में प्राप्त आवेदनों का निराकरण कर पात्रों को शासकीय योजना एवं कार्यक्रमों में लाभान्वित कराया जाएगा। जारी कार्यक्रम के अनुसार सोमवार 2 मार्च को कटनी एम कार्पोरेशन के वार्ड 22 गुरूनानक वार्ड, वार्ड नं 23 रघुनाथगंज वार्ड, वार्ड नं 24 ईश्वरीपुरा वार्ड, वार्ड नं 25 बी०डी० अग्रवाल वार्ड, वार्ड नं 26 महारानी लक्ष्मी बाई वार्ड, वार्ड नं 27 मदनमोहन चौबे वार्ड, वार्ड नं 28 नेहरू वार्ड, वार्ड नं 29 वंशरूप वार्ड के लोगों के लिए जोन क्रमांक 04 टी.सी. बजान स्कूल, सुभाष चौक में शिविर का आयोजन किया गया है।

इसी प्रकार शुक्रवार 6 मार्च को कैमोर नगर परिषद के वार्ड नं 13 लोहिया नगर वार्ड, वार्ड नं 14 चन्द्रशेखर आजाद वार्ड, वार्ड नं 15 डॉ अम्बेडकर वार्ड के लोगों के लिए शासकीय माध्यमिक शाला अमरियापार कैमोर में शिविर का आयोजन किया गया है। जबकि विजयराघवगढ़ नगर परिषद के वार्ड नं 13 मौलाना आजाद वार्ड, वार्ड नं 14 जवाहरलाल नेहरू वार्ड, वार्ड नं 15 शारदा देवी वार्ड के लोगों के लिए जायसवाल आटा चक्की के पास शिविर का आयोजन किया गया है।

इसी दिन नगर परिषद बरही के वार्ड नं 12 स्वामी विवेकानंद वार्ड, वार्ड नं 13 विजयनाथ वार्ड, वार्ड नं 14 शिवाजी वार्ड, वार्ड नं 15 राजीव गांधी वार्ड के लोगों के लिए दुर्गा मंदिर के पास छिन्दिया टोला बरही में शिविर का आयोजन किया गया है। इसके अलावा विकासखंड बहोरीबंद में ग्राम अमगवां, कूडा, मर्दगढ़, चान्दखेडा, तमुरिया, तिगवॉ, दिहुन्टा, पथराड़ी पिपरिया, पाकर, बहोरीबंद, मोहनिया, रामपाटन, सुपेली, सिन्दुरसी ग्राम के लोगों के लिए ग्राम पंचायत भवन बहोरीबंद में शिविर का आयोजन किया गया है। इसके अलावा विकासखंड विजयराघवगढ़ में ग्राम उरदानी, कुदरेही, खिरवा, गोहावल, चपना, डीघी, देवराखुर्द, पथरहटा, सिघनपुरा, सिजगौंड़ी, सिंझहरा, हथेड़ा, हन्तला ग्राम के लोगों के लिए ग्राम पंचायत गोहावल में शिविर का आयोजन किया गया है।

---

### राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर महाविद्यालय में हुआ कार्यक्रम का आयोजन

## नवाचार की दुनिया को जरूरत एवं वैज्ञानिक अविष्कारों पर की गई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा

शासकीय महाविद्यालय बड़वारा में शनिवार को प्राचार्य लवकुश सिंह के निर्देशन में विज्ञान विभाग द्वारा 'राष्ट्रीय विज्ञान दिवस' के उपलक्ष्य में ₹वैज्ञानिक अविष्कार एवं नवाचार₹ विषय पर एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों में वैज्ञानिक चेतना जागृत करना और उन्हें आधुनिक शोध व नवाचार के प्रति प्रेरित करना रहा।इस विशेष अवसर पर भारतीय ज्ञान परंपरा समिति की सदस्य डॉ. विमला सिंह गरिमामयी रूप से उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ताओं के रूप में विज्ञान संकाय के वरिष्ठ सदस्यों डॉ. सुजीत सिंह और डॉ.



मुकेश झारिया ने अपने सारगर्भित व्याख्यान प्रस्तुत किए। डॉ. सुजीत सिंह ने आधुनिक विज्ञान की प्रगतियों पर प्रकाश डाला, वहीं डॉ. मुकेश झारिया ने छात्रों को वैज्ञानिक शोध और तार्किक सोच के महत्व से अवगत कराया।इसी क्रम में, प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. दिव्या यादव ने ₹नवाचार की दुनिया को जरूरत₹ और ₹वैज्ञानिक अविष्कार एवं नवाचार ₹ पर चर्चा की।

डॉ. यादव ने छात्रों को जागरूक करते हुए बताया कि कैसे वैज्ञानिक सिद्धांतों को नवाचार में बदलकर समाज की ज्वलंत समस्याओं का समाधान किया जा सकता है।इस कार्यक्रम के दौरान ₹ भारतीय वैज्ञानिकों का योगदान₹ विषय पर विशेष प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का सफल आयोजन हुआ।

इस गतिविधि में बड़ी संख्या में छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी वैज्ञानिक समझ का प्रदर्शन किया। विशेषज्ञों के व्याख्यान और इस प्रतियोगिता के माध्यम से छात्रों के बीच वैज्ञानिक दृष्टिकोण को लेकर नई जागरूकता फैली।इस विशेष अवसर पर भारतीय ज्ञान परंपरा समिति की सदस्य डॉ. विमला सिंह की भी उपस्थिति रही।

इस कार्यक्रम की सफलता में महाविद्यालय परिवार का पूर्ण सहयोग रहा। कार्यक्रम के दौरान विज्ञान संकाय के सभी सदस्यों के साथ-साथ महाविद्यालय के समस्त स्टाफ की उपस्थिति रही। सभी की गरिमामयी उपस्थिति ने छात्रों का मनोबल बढ़ाया और वातावरण को अकादमिक ऊर्जा से भर दिया।

---

### महापौर ने दिया दायित्वों के प्रभावी निर्वहन का अनूठा उदाहरण

## महापौर ने जनसमस्या पर लिया त्वरित एक्शन, दिलाया राहत का भरोसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

नगर निगम कटनी द्वारा नागरिक समस्याओं के समाधान हेतु जवाबदेह एवं संवेदनशील प्रशासनिक कार्यप्रणाली का परिचय दिया जा रहा है। बिरसा मुंडा वार्ड अंतर्गत पन्ना मोड़ के समीप स्थित चमड़ा गोदाम रोड पर व्याप्त अव्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त होते ही महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने त्वरित संज्ञान लेते हुए मौके पर पहुंचकर स्थिति का प्रत्यक्ष निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान एमआईसी सदस्य सुभाष साहू, डॉ रमेश सोनी, जय नारायण निषाद, समाजसेवी तुलाराम गोटिया, उपयंत्री पवन श्रीवास्तव, प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी, स्वच्छता निरीक्षक निशांत कनौजिया सहित



अन्य अधिकारी कर्मचारी सहित नागरिकों की मौजूदगी रही।

क्षेत्रवासियों द्वारा अवगत कराया गया कि नाली का दूषित पानी सड़क पर बहने से आवागमन प्रभावित हो रहा है, जिससे आम नागरिकों, स्कूली बच्चों एवं वरिष्ठ नागरिकों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही जर्जर सड़क, अवरुद्ध नालियां एवं अपर्याप्त प्रकाश व्यवस्था के कारण दुर्घटना की संभावनाएं बनी हुई थीं।

#### समाधान की बनाये कार्ययोजना

समस्या की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए महापौर ने संबंधित एमआईसी सदस्यों एवं विभागीय अधिकारियों के साथ स्थल निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होंने स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि जल निकासी की समुचित व्यवस्था तत्काल सुनिश्चित की जाए तथा भविष्य में ऐसी स्थिति पुनः निर्मित न हो, इसके लिए स्थायी समाधान की कार्ययोजना तैयार की जाए।



निर्देशानुसार जेसीबी मशीन के माध्यम से नाले की सफाई कार्य प्रारंभ कराया गया, जिससे सड़क पर बह रहे गंदे पानी की निकासी सुनिश्चित हुई। साथ ही केडीसी से लेकर चमड़ा गोदाम रोड तक संपूर्ण मार्ग का निरीक्षण कर स्ट्रीट लाइट व्यवस्था दुरुस्त करने एवं आवश्यकतानुसार नई लाइटें स्थापित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। महापौर ने कहा कि निगम प्रशासन का दायित्व केवल समस्या का निराकरण करना ही नहीं, बल्कि समयबद्ध एवं स्थायी समाधान सुनिश्चित करना भी है। “हर वार्ड, समान विकास” की भावना के साथ सभी क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं का सुदृढ़ीकरण प्राथमिकता में शामिल है।

---

## महिला की मौत, इलाज में लापरवाही के लगाये आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जिला चिकित्सालय में एक महिला की मौत पर परिजनों ने उपचार में लापरवाही करने के आरोप लगाये हैं। शिकायतकर्ता मनीष केवट ने वरिष्ठ अधिकारियों को सौंपे शिकायती पत्र में बताया कि उनकी पत्नी रिंकी केवट को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मनीष का आरोप है कि ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर और स्टाफ ने इलाज में घोर लापरवाही बरती। समय पर उचित उपचार न मिलने के कारण रिंकी केवट की असमय मृत्यु हो गई।

पीड़ित मनीष का कहना है कि यदि स्टाफ मुस्तैद होता, तो उसकी पत्नी की जान बचाई जा सकती थी। मनीष ने बताया कि जिला अस्पताल में रात के समय स्थिति बेहद चिंताजनक रहती है। ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर अक्सर अपने कक्षों से नदारद रहते हैं, जिससे आपातकालीन स्थिति में आए मरीजों को समय पर डॉक्टर उपलब्ध नहीं हो पाते। यह अव्यवस्था जिले के सबसे बड़े अस्पताल की साख पर बट्टा लगा रही है। इस मामले में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राज सिंह ठाकुर ने संज्ञान लिया है। उन्होंने बताया कि सिविल सर्जन के माध्यम से संबंधित स्टाफ और डॉक्टरों को कारण बताओ नोटिस जारी कर दिए गए हैं। मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है कि लापरवाही किस स्तर पर हुई है। जांच रिपोर्ट के आधार पर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

मनीष केवट ने इस मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी डॉक्टरों और कर्मचारियों पर सख्त से सख्त कार्यवाही की जाए।

खास बातें

## पुलिस कॉन्फ्रेंस हॉल में डीआईजी ने ली गई वार्षिक अपराध समीक्षा बैठक

**छतरपुर**। पुलिस कॉन्फ्रेंस हॉल में वार्षिक अपराध समीक्षा बैठक आयोजित की गई। आयोजित वार्षिक अपराध समीक्षा बैठक में पुलिस उपमहानिरीक्षक छतरपुर रेंज श्री विजय कुमार खत्री द्वारा छतरपुर जिले के समस्त थानों के अपराधों की समीक्षा की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक छतरपुर अगम जैन उपस्थित रहे। लंबित गंभीर, महिला संबंधी, एससी एसटी संबंधी अपराधों, शिकायतों के त्वरित निकाल , फरार अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु निर्देश दिए गए। त्रिवर्षीय तुलनात्मक आपराधिक आंकड़ों की समीक्षा की गई। नाबालिक बालक बालिका एवं गुम इंसान दस्तयाबी, फरार इनामी बदमाश एवं स्थाई वारंटी की गिरफ्तारी, प्रतिबंधात्मक कार्यवाही, अवैध हथियार, अवैध शराब, जुंआ सहित लघु अधिनियम के अंतर्गत कार्यवाही इत्यादि की जानकारी ली गई।

## कर्ण के जीवन के अनछुए पहलुओं को दिखाता नाटक रश्मिरथी

# महाकाव्य का नाट्य रूपांतरण देख दर्शक हुए रोमांचित, एकल शैली विधा को मिली सराहना

### राष्ट्रीय नाट्य समारोह के द्वितीय दिवस मुम्बई के कलाकारों ने दी अपनी प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से युवा नाट्य मंच द्वारा नगर के अस्पताल चैक स्थित मानस भवन में 21वें पांच दिवसीय राष्ट्रीय नाट्य समारोह के तृतीय दिवस शनिवार को सुरभि थियेटर गुरप बेगुसराय की मुम्बई इकाई द्वारा प्रसिद्ध कवि रामधारी सिंह दिनकर की कृति रश्मिरथी पर आधारित नाटक का मंचन किया गया। देश भर के दिग्गज कलाकारों द्वारा सराहा गया यह नाटक एकल शैली की



नाट्य विधा से जुड़ा हुआ है। ऐसे में इस नाटक के निर्देशक और कलाकार को नाटक की विषयवस्तु अत्यंत कसी हुई रखना आवश्यक थी, जिसमें इस नाटक के निर्देशक हरीश हरिऔथ पूरी तरह सफल रहे है। नाटक की कहानी कर्ण के जीवन के विभिन्न पहलुओं को उजागर करती है और इन पहलुओं से हमारे समाज की मौजूद विसंगतियों को भी दर्शाया गया है। कहानी कर्ण के जीवन में हुआ सामाजिक अन्याय और उससे उपजे आत्मीय सम्मान के भाव पर केंद्रित होता है। जिसमें सूर्य पुत्र होकर भी कर्ण को ना सिर्फ उसे त्याग सहना पड़ता है। महान योद्धा, महान दानवीर, प्रतिभाशाली होने के बाद भी उसे किस तरह से समाज में अपनी पहचान के लिए संघर्ष करना होता है। इस पहचान और सम्मान को देने वाले दुर्योधन के प्रति उसका सम्मान, समर्पण, कृतज्ञता के लिए भगवान कृष्ण का संदेश और चेतावनी के बाद भी अपना सर्वस्व दे देना ही कर्ण का प्रतीक बताया गया है। नाटक में कुंती से संवाद और अपने कर्ण और कुंडल दान में दे देना कर्ण की महानता को दर्शाते है और उसकी मृत्यु को भी समाज के आधार पर कर्म के प्रति सोचने पर विवश करती है। नाटक के निर्देशन के साथ अभिनय की जिम्मेदारी भी हरीश हरिऔथ ने निभाई है और दोनो ही पक्षों में उनका राष्ट्रीय नाट्य विधालय और वर्षों का अनुभव स्पष्ट नजर आता है। अपने अभिनय से वह नाटक के प्रत्येक पक्ष को जनमानस के मन मस्तिस्क में उतारने में सफल रहे है। संगीत पक्ष में आधुनिक दौर में रिकॉर्डेट संगीत के साथ परंपरागत तरीकों और लाइव संगीत दोनो का प्रयोग किया गया है और संगीतकार विष्णुदेव दास और आशीष कुलकर्णी, सदानंद वासुदेव मल्लिक ने अपनी जिम्मेदारी को पूर्ण रूप से निभाया है। आशीष कुलकर्णी ने ही प्रकाश संयोजन किया है। अजय कुमार भारती ने मंच सज्जा को कालखंड के अनुसार रचा है और दर्शक मंच को देखकर कालखंड से खुद को जोड़ लेते है। प्रकाश संरचना राष्ट्रीय नाट्य विधालय के संजय कुमार सोनू और सहयोग जयंत गाडेकर और दिनेश कुमार गुप्ता का रहा है।

## सिंग्रामपुर में लाल मुंह के बंदरों का हमला, बच्ची घायल

**सिंग्रामपुर**। ग्राम सिंग्रामपुर में दोपहर के समय लाल मुंह वाले बंदरों के हमले से एक बालिका घायल हो गई। जानकारी के अनुसार, सिंग्रामपुर निवासी मुकेश यादव की पुत्री मान्या यादव घर की छत पर खेल रही थी। इसी दौरान



अचानक बंदरों का झुंड वहां पहुंच गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, एक बंदर ने अचानक मान्या पर हमला कर दिया और उसकी पीठ तथा हाथ में काट लिया। हमले से घबराई बच्ची रोते हुए नीचे की ओर भागी। शोर सुनकर उसके पिता मुकेश यादव तुरंत मौके पर पहुंचे और बंदरों को भगाया। घटना के बाद परिजन तत्काल मान्या को जबेरा स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों द्वारा उसका प्राथमिक उपचार किया गया। चिकित्सकों ने आवश्यक उपचार शुरू कर दिया है। फिलहाल बच्ची की स्थिति सामान्य बताई जा रही है, लेकिन वह काफी घबराई हुई है। इससे पहले भी बंदरो ने करीब 5 से 6 लोगो को काट चुके है। ग्रामवासियों ने बताया कि क्षेत्र में इन दिनों लाल मुंह के बंदरों का आतंक बढ़ गया है। बंदर अक्सर घरों की छतों पर आकर उत्पात मचाते हैं, जिससे बच्चों और बुजुर्गों की सुरक्षा को खतरा बना रहता है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि बंदरों को पकड़वाने या उन्हें जंगल क्षेत्र में छुड़वाने की व्यवस्था की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

# रानी दुर्गावती शासकीय महाविद्यालय में प्रतिभाओं का सम्मान

### सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधा शमा

**तेंदूखेड़ा**। शुक्रवार को नगर के अमर वीरांगना रानी दुर्गावती शासकीय महाविद्यालय, में वार्षिक स्नेह सम्मेलन का भव्य आयोजन हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी दादा भावसिंह लोधी उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में नगर परिषद अध्यक्ष सुरेश कुमार जैन, सांसद प्रतिनिधि ठा. मूरत सिंह लोधी, उपाध्यक्ष लक्ष्मी नामदेव, डॉ. परम सिंह, एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष गोविंद यादव, मंडल अध्यक्ष संत कुमार पाल, दीपक कटारे पूर्व जनभागीदारी अध्यक्ष ,भागचंद जैन, महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य एस के अग्रवाल सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्रभारी



प्राचार्य शंकर सिंह ठाकुर द्वारा की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं शाल-श्रीफल भेंट कर स्वागत-सत्कार किया गया। प्रभारी प्राचार्य श्री ठाकुर ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए वर्ष भर की शैक्षणिक, सांस्कृतिक, खेलकूद एवं अन्य सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों की उपलब्धियों से अतिथियों एवं उपस्थित जनसमुदाय को अवगत कराया। उन्होंने विद्यार्थियों की उत्कृष्ट उपलब्धियों की सराहना करते हुए महाविद्यालय की निरंतर प्रगति का उल्लेख किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति गीत, समूह नृत्य, लोकनृत्य एवं नाट्य प्रस्तुतियाँ दी गईं, जिन्हें दर्शकों ने खूब सराहा। विद्यार्थियों की ऊर्जा, उत्साह एवं सृजनात्मकता ने कार्यक्रम को विशेष आकर्षण प्रदान किया। इस अवसर पर वर्ष भर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को ट्रॉफी एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया, जिससे उनका उत्साहवर्धन हुआ। कार्यक्रम के सफल संचालन में सहायक प्राध्यापक हिंदी यशवंत अहिरवाल द्वारा मंच संचालन किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी डॉ. दीपिका दुबे एवं डॉ. रुचि द्विवेदी सहित समस्त शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही। अंत में डॉ. अरुणेंद्र कुमार पटेल द्वारा सभी अतिथियों, पत्रकार बंधुओं, स्टाफ एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया गया। लगभग 400 से अधिक छात्र-छात्राओं एवं नागरिकों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को भव्य एवं सफल बनाया।

# विज्ञान दिवस पर औषधीय पौधों का किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

टाईम्स महाविद्यालय में 28 फरवरी को सर सी.वी.रमन की खोज रमन प्रभाव के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में डॉ अविनाश मिश्रा, चेयरमेन बी.के.पी कॉलेज, देवरी, डॉ हर्ष दुबे त्रियम्बकम आयुर्वेदिक केन्द्र, कर्नाड खरे संस्थापक रुद्राक्ष हर्बल एवं वरिष्ठ पत्रकार एवं समाजसेवी नरेन्द्र दुबे रहे। इस कार्यक्रम का शुभारंभ औषधीय पौधों का प्रदर्शन (प्लांट डिमोन्स्ट्रेशन) महाविद्यालय के प्राध्यापकों एवं छात्र-छात्राओं द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अगली कड़ी में छात्र-छात्राओं द्वारा विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में निर्मित पोस्टर एव माडल का प्रदर्शन किया व औषधीय पौधो के महत्व पर नुक्कड नाटक भी प्रस्तुत किया गया जिसकी मुख्य अतिथियों द्वारा खूब सराहना की गई। एक दिवसीय प्रकृति का खजाना कार्यशाला का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा द्वीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती की वंदना कर किया गया। संस्था के डायरेक्टर डॉ



सुशील गुप्ता द्वारा सभी अतिथियो का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में पधारे डॉ हर्ष दुबे जी द्वारा विभिन्न प्रकार की आयुर्वेदिक औषधियों से सभी को अवगत कराया गया, इसी क्रम में कर्नाड खरे द्वारा हमारे आसपास पाये जाने वाले औषधिय पौधों की हमारे जीवन में उपयोगिता के बारे में चर्चा की एव महत्व बताया। डॉ अविनाश मिश्रा जी के द्वारा औषधीय गुणों के बारे सभी को विस्तार रूप से जानकारी दी गई। मुख्य अतिथियों द्वारा प्रकृति का खजाना पुस्तिका का विमोचन भी किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन फार्मेसी विभाग की प्रमुख श्रीमति साधना पांडे द्वारा किया गया एवं महाविद्यालय के मेनेजिंग डायरेक्टर ओम गुप्ता द्वारा सभी का अभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी स्टॉफ एवं छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।

# सिद्धचक्र महामंडल विधान में 512 अर्घ अर्पित, बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधा समां



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंग्रामपुर

आचार्य 108 विद्यासागर महाराज एवं नवाचार्य 108 समय सागर महाराज के पावन आशीर्वाद से सिंग्रामपुर में आयोजित सिद्धचक्र महामंडल विधान का पांचवां दिन अत्यंत श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ संपन्न हुआ। पंडित वीरेंद्र कुमार (गैरतगंज) के मार्गदर्शन में चल रहे इस धार्मिक अनुष्ठान में पांचवें दिन श्रद्धालुओं द्वारा कुल 512 अर्घ श्रद्धापूर्वक अर्पित किए गए। पूरे वातावरण में मंत्रोच्चार, भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा का अद्भुत संगम देखने को मिला। सुबह के सत्र में अभिषेक, शांतिधारा एवं विधान का आयोजन हुआ। माता जी के मंगलमय प्रवचन में बताया गया कि सिद्धों की आराधना करने से भव-भव के कष्ट दूर हो जाते हैं और आत्मा को शांति एवं कल्याण की प्राप्ति होती है। प्रवचन के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और धर्मलाभ प्राप्त किया। सलेमनाबाद से पधारे संगीतकारों द्वारा भक्ति संगीत की मनमोहक प्रस्तुति दी जा रही है, जिससे पूरा पांडाल भक्तिरस में डूबा रहा। भजनों और स्तुतियों ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। सायंकालीन महाआरती का सौभाग्य सौधर्मेंद्र जैन, नरेंद्र जैन, सुशील जैन एवं सिद्धार्थ जैन को प्राप्त हुआ। महाआरती के समय वातावरण दीपों की ज्योति और भक्तिभाव से आलोकित हो उठा। रात्रि में बाल कलाकारों द्वारा एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। बच्चों ने धार्मिक नृत्य, भक्ति गीत एवं नाट्य प्रस्तुत कर दर्शकों की खूब वाहवाही लूटी। उनके उत्साह और प्रतिभा ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। पूरे आयोजन में सिंग्रामपुर सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हो रहे हैं। सिद्धचक्र महामंडल विधान का यह आयोजन क्षेत्र में धर्म, संस्कार और सामाजिक एकता का संदेश दे रहा है।

## पोषण क्लीनिक के माध्यम से बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए सामूहिक पहल

**जबेरा**। जनपद पंचायत जबेरा में जीरो से पांच साल के बच्चों के लिए बेहतर स्वास्थ्य एवं पोषण सुनिश्चित करने की दिशा में गत दिवस पोषण क्लिनिक का आयोजन किया गया। यह पहल महिला वाळ विकास विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त प्रयासों से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नोहटा एवं आंगनबाड़ी केंद्र कलेहरा खेड़ा में आयोजित किया गया। इस दौरान नोहटा ख मरिया मोजी लाल एवं कलहेरा सेक्टर के कुल 65 बच्चों की स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी जांच की गई यह बच्चे आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से पूर्व में रुग्ण एवं कुपोषण में चिन्हित किए गये थे । बच्चों की जांच के उपरांत कुल 20 बच्चों को पोषण पुनर्वास केंद्र हेतु रेफर किया गया जबकि अन्य बच्चों एवं उनके अभिभावकों को आवश्यक परामर्श प्रदान करते हुए समुदाय आधारित देख भाल से जोड़ा गया। बच्चों तक समय पर पोषण सेवाएं पहुंचाने एवं कुपोषण प्रबंधन को मजबूत बनाने के लिए महिला बाल विकास विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग निरंतर समन्वय के साथ कार्य कर रहा है इस प्रयास में अंतरा फाउंडेशन के द्वारा भी सहयोग प्रदान किया गया है ,तथा आने वाले समय में भी अन्य सेक्टरों में भी ऐसे पोषण क्लिनिक आयोजित किए जाने की दिशा में प्रयास जारी है। पोषण क्लिनिक जैसी पहलें समुदाय स्तर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा चिन्हित कुपोषित बच्चे और उन बच्चों के लिए महत्वपूर्ण है जिनके विकास में किसी कारण से बाधा आ रही है।

## एचपीव्ही टीकाकरण कार्यक्रम का सरकारी अस्पताल में हुआ शुभारंभ

**तेंदूखेड़ा**। नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एचपीव्ही टीकाकरण कार्यक्रम का शुभारंभ शनिवार को किया गया। प्रधानमंत्री द्वारा अजमेर से प्रारंभ किए गए एचपीव्ही टीकाकरण अभियान के तहत जिले में भी विशेष अभियान की शुरुआत की गई। यह अभियान अगले 90 दिनों तक संचालित होगा, जिसके अंतर्गत 14 वर्ष पूर्ण कर चुकी एवं 15 वर्ष पूर्ण न करने वाली बालिकाओं को निःशुल्क टीकाकरण किया जाएगा। सभी पात्र बालिकाएँ अपने अभिभावकों के साथ नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तेंदूखेड़ा में पहुँचकर टीकाकरण अवश्य कराएँ। जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं जिला चिकित्सालय में प्रतिदिन प्रातः10 बजे से सायं 06 बजे तक टीकाकरण किया जाएगा। इस अवसर पर सीबीएमओ डॉ अशोक बरौनियां के द्वारा टीकाकरण से होने वाले लाभ की जानकारी दी गई साथ ही अभिभावकों से अपील की है कि वे अपनी बेटियों के सुरक्षित भविष्य हेतु इस महत्वपूर्ण अभियान में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करें। कार्यक्रम में रमेश तिवारी, सांसद प्रतिनिधि मूरत सिंह, विधायक प्रतिनिधि मनीष मोदी, फार्मासिस्ट दिनेश अवस्थी, बीईई इंद्रपाल विश्वकर्मा एवं गणमान्य नागरिकों के द्वारा टीकाकरण अभियान का औपचारिक शुभारंभ किया गया।

## वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व में गिद्ध गणना संपन्न

**दमोह**। मध्य प्रदेश वन विभाग के निर्देशों के अनुसार, वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व में 20 फरवरी 2026 से 22 फरवरी 2026 तक गिद्धों की संख्या का आकलन किया गया। इस आकलन का उद्देश्य टाइगर रिजर्व में गिद्धों की कुल संख्या का मूल्यांकन करना था। वन मंडल वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व में 20 फरवरी को 951, 21 फरवरी को 741 व 22 फरवरी को 844 गिद्धों की संख्या दर्ज की गई। वर्ष 2026 के गिद्ध सर्वेक्षण के दौरान कुल सात गिद्ध प्रजातियाँ दर्ज की गई। इनमें से सबसे अधिक संख्या भारतीय गिद्ध (लॉन्ग बिल्ड गिद्ध) की थी, उसके बाद व्हाइट रंप्ड गिद्ध की। इजिप्शियन गिद्ध की संख्या मध्यम थी, जबकि लाल सिर वाले गिद्ध की संख्या कम थी। यूरेशियन ग्रिफॉन, हिमालयन ग्रिफॉन और सिनेरियस गिद्ध जैसी प्रवासी प्रजातियाँ भी टाइगर रिजर्व में दर्ज की गईं।

## 2 को होलिका दहन, 3 को चंद्रग्रहण व 4 मार्च को होली खेली जाएगी- पं.राहुल शास्त्री

**दमोह**। पंडित राहुल शास्त्री ने बताया कि 3 मार्च को चंद्र ग्रहण रहेगा जो फाल्गुन शु. १५ मंगलवार पू.फा. नक्षत्रे सिंह राशौ खण्डग्रास चन्द्रग्रहणम। यह ग्रहण भारत में दृश्य होगा,'ग्रहण लगने का समय-सायं 6 बजकर 14 मिनट मध्य सायं 6 बजकर 39 मिनटमोक्ष-रात्रि 7 बजकर 2 मिनट 'समाप्त हो जाएगा' इस ग्रहण का सूतक (वेध) तीन (*) प्रहर पहले अर्थात सुबह 9 बजकर 14 मिनट से लगेगा। वेध के समय से सोध के समय तक शास्त्रीय मतानुसार मूर्ति स्पर्श शयन एवं भोजन नहीं करना चाहिए। बालक, वृद्ध एवं रोगियों को भोजन के लिए निषेध नहीं हैं इस ग्रहण का फल पू.फा. नक्षत्र सिंह राशिवालों के लिए विशेष अनिष्टकारक रहेगा। मेष, वृष, कर्क, कन्या, धनु, मकर, कुम्भ राशिवालों को अशुभमिथुन, तुला, वृश्चिक और मीन राशिवालों को शुभ करेगा। व 2 तारीख को होलिका दहन होगा एवं 4 तारीख को रंग, गुलाल से होली मनाई जाएगी।

# सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाए होली-थाना प्रभारी बेगी

### होली और रमजान त्योहारों को लेकर पुलिस थाना में शांति समिति की बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

आगामी त्योहारों-होलिका दहन, होली, धुलेंडी, रंगपंचमी और ईद-को लेकर पुलिस थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक तहसीलदार आलोक जैन की अध्यक्षता में श्री रामगोपाल जी मंदिर महंत श्री श्याम दास जी महाराज के मुख्य आतिथ्य थाना प्रभारी सुधीर बेगी, नगर पालिका सीएमओ राजेंद्र खरे एवं नगर के गणमान्य जनो की उपस्थिति में आयोजित की गई। इस दौरान प्रशासन और पुलिस अधिकारियों ने नागरिकों से सभी पर्व आपसी भाईचारे, शांति और परंपरागत हर्षोल्लास के साथ मनाने की अपील की। बैठक में थाना प्रभारी सुधीर बेगी ने कहा कि त्योहार हमारी सांस्कृतिक एकता के प्रतीक हैं, इसलिए सभी धर्मों और समाज के



लोग मिल-जुलकर सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखें। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की अफवाह, भड़काऊ पोस्ट या असामाजिक गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी। संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती की जाएगी तथा अराजकता फैलाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई। होलिका दहन को लेकर प्रशासन ने निर्देश दिए कि दहन केवल पुराने और पारंपरिक स्थानों पर ही किया जाए। बिजली के तारों, ट्रांसफार्मरों और ज्वलनशील पदार्थों से सुरक्षित दूरी बनाए रखने तथा अग्नि सुरक्षा के सभी मानकों का पालन सुनिश्चित करने को कहा गया। तहसीलदार आलोक जैन ने नगर पालिका सीएमओ को त्योहार स्थलों पर साफ-सफाई, पेयजल के लिए पानी के टैंकर और पर्याप्त स्ट्रीट लाइट व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। प्रशासन ने कहा कि नागरिकों की सुविधा और सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी प्रकार शांति समिति के सदस्यों से भी अपील की कि होलिका दहन से पूर्व यह देख ले कि ऊपर बिजली के तार तो नही है, होलिका दहन पर इसका ध्यान रखा जाये।

### सांप्रदायिक सौहार्द और अफवाहों पर नियंत्रण

बैठक में थाना प्रभारी सुधीर बेगी ने अपील की है कि रमजान और होली का संगम आपसी भाईचारे के साथ मनाया जाए। रंग खेलते समय यह सुनिश्चित करें कि किसी दूसरे मजहब के व्यक्ति पर जबरन रंग न डले। यदि अनजाने में कोई छींटा उड़ता है, तो विवाद के बजाय आपसी समझदारी से मिसाल पेश करें। थाना प्रभारी ने होली के दौरान तीन सवारी अथवा शराब पीकर स्टंट करने पर पुलिस वाहन जप्त करने की कार्वाई करेगी। पुलिस ने खासकर युवाओं निवेदन करते चेतावनी दी है कि यदि शराबखोरी करते हुए मिले तो पुलिस द्वारा सख्त कार्यवाही करेगी। पुलिस द्वारा आम जनता से भी अपील की गई है कि होली पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में मनाएं तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें। पुलिस के द्वारा थाना क्षेत्र में शांति एवं सुरक्षा बनाए रखने हेतु निगरानी के लिए अलग अलग पेट्रोलिंग टीम बनाई गई है हम स्वयं भी पेट्रोलिंग करेंगे। बैठक में भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष सौरभ नेमा, सोमिल हजारी, रवि सोनी, रितेश फौजदार, संजय सिंह राजपूत, बबलू राय, अशोक पाराशर, पवन ठाकुर मयंक खटीक, पप्पू महाजन, राशिद सिद्दीकी, यासीन खान, मजीद खान, भूरे भाईजान, शमशाद खान के अलावा पत्रकारों की उपस्थिति रही।

# सिंग्रामपुर में अखिल भारतीय यादव महासभा के नव-निर्वाचित पदाधिकारियों का भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंग्रामपुर

सिंग्रामपुर में अखिल भारतीय यादव महासभा, मध्य प्रदेश के दमोह जिले के नव-निर्वाचित पदाधिकारियों का गरिमामय स्वागत समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजनों, युवाओं एवं मातृशक्ति की उत्साहपूर्ण भागीदारी रही। समारोह में मुख्य रूप से नव-निर्वाचित जिला अध्यक्ष माननीय संदीप यादव जी, ग्रामीण अध्यक्ष मुकेश यादव, शहरी अध्यक्ष पवन यादव, युवा जिला अध्यक्ष कृष्णा यादव जी, महिला अध्यक्ष श्रीमती रजनी यादव, पूर्व प्रदेश सचिव राहुल यादव, विधानसभा प्रभारी तेजी यादव एवं सीताराम यादव उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने के लिए मशहूर लोकगीत गायक श्री विशेष रूप से मौजूद रहे। अतिथियों का स्वागत पुष्पमालाओं एवं शॉल-श्रीफल भेंट कर किया गया। स्वागत कार्यक्रम में यादव समाज के ब्लॉक अध्यक्ष भागचंद यादव , मोतीलाल यादव , दीपक



यादव (बीडीसी सदस्य प्रतिनिधि), सेवाराम यादव , उमा यादव , भैया लाल यादव , हरिशंकर यादव , प्रमोद यादव , महेंद्र यादव , दिनेश यादव , सोनू यादव , राहुल यादव , राज यादव , शिव यादव , आदित्य यादव , बबलू यादव , गोपाल यादव , द्वारका यादव , जुगल यादव , अंकित यादव , राजेश यादव , सुनील यादव , पुरोहित यादव , सुदर्शन यादव , शिवम यादव सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में समाज की एकता, संगठन की मजबूती और सामाजिक उत्थान के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया गया। नव-निर्वाचित पदाधिकारियों ने समाज के विकास, शिक्षा, युवाओं के सशक्तिकरण और सामाजिक समरसता को प्राथमिकता देने का आश्वासन दिया। समारोह सौहार्द, उत्साह और सामाजिक एकजुटता का प्रतीक बनकर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# श्री समोशरण महामंडल विधान में 64 रिद्धि मंत्रों के अर्घ्य समर्पित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

सकल जैन समाज के द्वारा श्री नंदी मंदिर निर्माण कार्यार्थ श्री 24 समोशरण अरहंत चक्र महामंडल विधान का आयोजन उमा मिस्त्री की तलैया में चल रहा है। विधान के पांचवें दिन मुनि संघ के सानिध्य में 64 रिद्धि मंत्रो के अर्घ्यं चढ़ाए गए। संत शिरोमणि आचार्य भगवन श्री विद्यासागर जी एवं आचार्य श्री समय सागर जी की मंगल प्रेरणा एवं आशीर्वाद से उनके शिष्य मुनिश्री पदम सागर एवं छुलल्क श्री तात्पर्य सागर जी जे सानिध्य में 3 मार्च तक चलने वाले इस भव्य आयोजन के पांचवें दिन शनिवार को पूर्व वित्त मंत्री और दमोह विधायक श्री जयंत मलैया कुंडलपुर कमेटी के अध्यक्ष श्री चंद्र कुमार सराफ सहित अनेक गणमान्य जन ने शामिल होकर मुनिश्री का आशीर्वाद प्राप्त कियज्ञं प्रातः बेला में प्रतिष्ठाचार्य ब्रह्मचारी दीपक भैया सुरेश शास्त्री अभिषेक शास्त्री मोनू भैया स्वतंत्र भैया आदि के निर्देशन में श्री जी का अभिषेक शांति धारा पूजन संपन्न हुआ। आज मुख्य शांति धारा करने के साथ श्रावक श्रेष्ठि बनकर समोशरण में पूजन का सौभाग्य राकेश पुजारी परिवार, आनंद बीएसएनल परिवार, लोकेश गांगरा परिवार, डॉ सुबोध जैन परिवार को प्राप्त हुआ। रविवार को शांति धारा का सौभाग्य विमल कुमार जैन बटियागढ़ वाले परिवार सहित अन्य परिवारों ने प्राप्त किया है।

### उज्जैन से भट्टारक जी का हुआ आगमन

विधान अवसर पर उज्जैन से पधारे भट्टारक जी ने आचार्य श्री विद्यासागर जी की अनमोल कृति मुकमाटी का अरबी भाषा में रूपांतरण किए जाने की जानकारी देते हुए बताया कि अभी तक 17 भाषाओं में इस ग्रंथ का रूपांतरण किया जा चुका है अगले माह दुबई में अरबी भाषा में इसको लेकर एक बड़ी सेमिनार हो रही है। नेपाली भाषा में भी मुकमाटी ग्रन्थ का रूपांतरण होने तथा नेपाल में भी एक बड़े आयोजन की उन्होंने जानकारी दी। इस अवसर पर विधान समिति द्वारा जी का स्वागत अभिनंदन किया गया। पांचवें दिन के विधान अवसर पर मुख्य समोशरण के साथ 24 गन्ध कुटियो में भक्ति भाव के साथ 64 रिद्धि मंत्रो के अर्घ्य महा पत्रों के साथ 24 सोधर्म इंद्र परिवार एवं इंद्र इंद्राणियों द्वारा समर्पित किए गए। तत्पश्चात भगवान आदिनाथ से लेकर शीतल नाथ तक 10 पूजाएं संपन्न हुई। विधान के छठवें दिन रविवार भगवान श्री श्रेयांश नाथ लेकर भगवान महावीर तक की 14 पूजन के साथ अर्घ्य चढ़ाए जाएंगे। शनिवार को संध्या आरती का सौभाग्य राकेश पुजारी परिवार को प्राप्त हुआ वहीं शुक्रवार रात संध्या आरती का सौभाग्य जैन पंचायत के महामंत्री पदम जैन खली के साथ जैन पंचायत की टीम एवं सकल हिंदू समाज के अध्यक्ष कपिल सोनी के साथ पूरी टीम को प्राप्त हुआ।

### समवशरण में बैठने का सौभाग्य पुण्यशाली जीवों को ही मिलता है-मुनि श्री पदम सागर

अरिहंत चक्र महामंडल विधान अवसर पर भगवान के समवशरण की महिमा का बखान करते हुए मुनिश्री पदम सागर महाराज ने कहा कि कल इस समवशरण में बैठकर प्रवचन देने में ऐसी अनुभूति हुई की आंखों में आंसू आ गए। जब यहा पर यह हालत है तो अंदाजा लगाया जा सकता है कि भगवान के साक्षात समवशरण में क्या स्थिति बनती होगी। मुनिश्री ने कहा कि भगवान के समवशरण में सभी जीवो को स्थान मिलता है सबका कल्याण होता है इसी तरह इस समोशरण महामंडल विधान में बैठकर पूजन अर्चन के साथ दान करने वाले लोग निश्चित रूप से सौभाग्यशाली है जो जो अष्टानीका जैसे महापर्व में यह विधान करके अपने इस भव को और अगले भव को सुधार रहे हैं। मुनि श्री ने भगवान महावीर समोशरण में लगातार 64 दिन भगवान की दिव्य देशना नही हो पाने तथा इसके बाद सौधर्म इंद्र द्वारा गौतम स्वामी को समोशरण में लाने, मानस्तंभ को देखते ही गौतम कवमान समाप्त हो जाने, उनके द्वारा भगवान के चरणों में वस्त्र त्याग कर पंच मुश्ठि से केश लुंच कर मुनि दीक्षा ग्रहण करने के प्रसंग को सुनते हुए कहा कि पात्रता के बिना कोई भी कार्य नहीं होता। उन्होंने कहा कि जिस तरह से शेरनी के दूध को रखने के लिए स्वर्ण पत्र की आवश्यकता होती है उसी तरह बिना पात्रता के दान पूजा सब निरर्थक है। मुनि श्री ने कहा कि महिलाओं द्वारा किया गया पुण्य जहां उनके ही खाते में जाता है वही उनके पतियों द्वारा किये गए पुण्य कार्य का आधा हिस्सा उनकी पत्नियों के खाते में जाता है। मुनिश्री ने 3 मार्च को विधान समापन अवसर पर निकलने वाली श्रीजी की विमान शोभा यात्रा को ऐतिहासिक रूप देने के लिए भी समाज जनों को मार्गदर्शन देते हुए युवा बालिका वर्ग को भरपूर सहभागिता का आव्हान किया।

विधान समिति के संयोजक महेष दिगंबर ने बताया कि मुनि श्री पदम सागर जी महाराज की प्रेरणा से नन्हे मंदिर निर्माण कार्य एवं 24 में मूर्ति स्थापना हेतु अनेक श्रावक परिवारों ने ग्यारह ग्यारह कलष की दान राषि की घोशणाएं की। जिनमे कमलारानी भूपेंद्र जितेंद्र जित्तू परिवार, ब्र.अपूर्वा दीदी पिपरिया वाला परिवार तथा रूपचंद नवीन निराला परिवार के द्वारा एक-एक मूर्ति स्थापना की घोशणा करते हुए मुनि श्री का आषीर्वाद प्राप्त किया। इसके पूर्व कल पं सुरेष षास्त्री, सुनील बडेराय एवं धरम जैन अमित महावीर प्रिंटर्स के द्वारा भी एक मूर्ति स्थापना की घोशणा की गई थी। षनिवार को मंदिर के स्तंभ निर्माण हेतु राजेंद्र कुमार पवन बमोरिया परिवार के द्वारा दान राषि की घोशणा की गई। इसके अलावा निर्माणधीन मंदिर के मंडप एवं पिलर सहित निर्माण सामग्री हेतु दान राषि की घोशणा भी अनेक दानदाताओं द्वारा की गई।

## आरोपी हुआ गिरफ्तार, नोहटा थाना क्षेत्र में दो बड़ी घटनाएं आई सामने


# पांच वर्षीय मासूम की हत्या से सनसनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



जिले के नोहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत कुलुआ पट्टी गांव में 5 वर्षीय मासूम की हत्या की घटना से सनसनी के हालात बने हुये है। घटना के बाद ग्रामीणों के सहयोग से पुलिस ने आरोपी युवक को हिरासत में लिए जाने की जानकारी सामने आ रही है। हालांकि अभी पुलिस की तरफ से अधिकारिक पुष्टी का इंतजार है। जानकारी के अनुसार, कुलुआ पट्टी गांव निवासी 5 वर्षीय बालक पर गांव के ही एक युवक द्वारा हमला किया गया, जिससे उसकी मौके पर ही हालत गंभीर हो गई। परिजन तत्काल बच्चे को जिला चिकित्सालय लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों का कहना है कि उन्हें इस बात की जानकारी नहीं है कि किन परिस्थितियों में उनके बच्चे के साथ यह घटना हुई। घटना के बाद गांव में आक्रोश का माहौल बन गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए दमोह पुलिस अधीक्षक श्रुत कीर्ति सोमवंशी और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदोरिया के मार्गदर्शन में एसडीओपी तेंदूखेड़ा अर्चना अहीर के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। ग्रामीणों से मिली सूचना के आधार पर बांदकपुर क्षेत्र में दबिश दी गई, जहां आरोपी सतीश के हिरासत में लिया है। उल्लेखनीय है कि नोहटा थाना क्षेत्र में हाल के दिनों में यह दूसरी गंभीर घटना है। इससे पहले 9 वर्षीय बच्ची से जुड़ा मामला अभी पूरी तरह जांच के दायरे में है और अब 5 वर्षीय मासूम की हत्या ने कानून-व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि लगातार हो रही घटनाएं नोहटा थाना की कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिह्न लगाती हैं।

## भरोसे का खूनः जब अपना ही बन बैठे दरिंदा, 9 माह की मासूम से दुष्कर्म



**दमोह/बनवार।** दमोह जिले के नोहटा थाना क्षेत्र से आई यह खबर सिर्फ एक अपराध नहीं, बल्कि रिश्तों की बुनियाद हिला देने वाली त्रासदी है। महज़ 9 माह की मासूम, जो अभी दुनिया को पहचानना भी नहीं सीखी थी, उसी घर की चौखट के भीतर दरिंदगी का शिकार हो गई। शुक्रवार रात जब परिजन बच्ची को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे, तब किसी को अंदाजा भी नहीं था कि उसके साथ इतना बड़ा अत्याचार हुआ है। पुलिस की मौजूदगी में चिकित्सकीय परीक्षण कराया गया और सच्चाई सामने आते ही पूरे क्षेत्र में सन्नाटा छा गया। सबसे दर्दनाक सच यह रहा कि आरोपी कोई अजनबी नहीं, बल्कि परिवार का ही निकट सदस्य निकला। जिस पर भरोसा था, उसी ने विश्वास की नींव तोड़ दी। रिश्तों की आड़ में छिपी इस घटना ने समाज को सवालों के कटघरे में खड़ा कर दिया है। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी को हिरासत में लेकर बीएनएस की धारा 64 और पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। मासूम का इलाज जारी है और उसे बेहतर उपचार के लिए नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज भेजा गया है। पुलिस अधीक्षक ने पत्रकारों से बातचीत में कहा,यह अत्यंत गंभीर और दुखद घटना है। सूचना मिलते ही पुलिस ने तत्काल कार्रवाई की। बच्ची को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया, मेडिकल परीक्षण कराया गया और आरोपी को देर रात अभिरक्षा में ले लिया गया। उसके खिलाफ बीएनएस की धारा 64 एवं पॉक्सो एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। हमारी प्राथमिकता बच्ची का बेहतर उपचार और आरोपी को सख्त से सख्त सजा दिलाना है।"यह घटना सिर्फ कानून का मामला नहीं, बल्कि समाज के टूटते विश्वास की कहानी है। जब अपने ही सुरक्षित नहीं, तो मासूमों की हिफाज़त कौन करेगा? आज पूरा जिला एक ही दुआ कर रहा है मासूम जल्द स्वस्थ हो और विश्वास तोड़ने वाले को कानून ऐसी सजा दे, जो मिसाल बन जाए।

## ट्रैक्टर की चपेट में आने से युवक की दर्दनाक मौत

**तेन्दूखेड़ा।** शनिवार की देर-रात तेन्दूखेड़ा पाटन मार्ग पर स्थित बगदरी की घटिया पर ट्रैक्टर की चपेट में आने से तेन्दूखेड़ा निवासी एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो जाने का घटनाक्रम सामने आया है। मामला पाटन थाना क्षेत्र का है मृतक की पहचान तेन्दूखेड़ा के वार्ड क्रमांक 3 के रुप में हुई है घटना के संबंध में मिली जानकारी अनुसार मनोज उर्फ (मज्जू) पिता शारदा प्रसाद साहू उम्र 48 वर्ष निवासी तेंदूखेड़ा है जो सुबह किसी काम को लेकर अन्य साथी सौरभ साहू के साथ बाइक से जबलपुर गए हुए थे। जहां देर शाम जबलपुर से वापस तेन्दूखेड़ा आते समय पाटन थाना क्षेत्र के अंतर्गत तेन्दूखेड़ा मार्ग पर स्थित बगदरी की घाट पर अधे मोड़ पर ट्रैक्टर की चपेट में आने से घटनास्थल पर मौत हो गई। पाटन पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ट्रैक्टर अभी अज्ञात है। पुलिस ट्रैक्टर की तलाश कर रही है। घटना को लेकर मिली जानकारी अनुसार बाइक सवार दो लोग थे जिसमें मनोज साहू और सौरभ साहू बताया गया है। बाइक से कुछ सामग्री नीचे गिर गई जिसको उठाने के लिए बाइक रोकी गई और सामग्री उठाने का प्रयास किया तभी अचानक से तेज रफ्तार ट्रैक्टर आ गया जिसकी चपेट में मनोज साहू आ गए। बाइक सवार युवक मनोज साहू ट्रैक्टर के टायर के नीचे आने से कमर के नीचे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया और मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है और अज्ञात ट्रैक्टर की तलाश की जा रही है।

## स्थाई वसूली वारंटी आरोपी गिरफ्तार

**दमोह।** पुलिस अधीक्षक महोदय दमोह एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय दमोह के निर्देशन में तथा श्रीमान एसडीओपी महोदय तेन्दूखेड़ा के मार्गदर्शन में लगातार स्थाई वारंटियों की गिरफ्तारी हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। माननीय न्यायालय श्री मोहम्मद अजहर प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय दमोह द्वारा लटोरी सींग लोधी के विरूद्ध स्थाई वसूली वारंट जारी किया गया था जो दिनांक 27/02/2026 को ग्राम इमलिया नायक से फरार स्थाई वसूली वारंटी लटोरी सींग लोधी पिता खुन्नी उर्फ खिन्नी सींग लोधी उम्र 65 साल निवासी ग्राम इमलिया नायक को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया। आरोपी की दस्तयाबी में थानत्र प्रभारी उनि अभिषेक पटैल, सउनि नागेन्द्र सिंह परिहार, प्रधान आरक्षक श्रीराम, प्रधान आरक्षक प्रदीप जोशी, प्रआर कामता प्रसाद की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## अवैध निर्माण रोकने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा



नगर में इस समय शासकीय भूमि व भवनों पर बलात कब्जा व अवैध निर्माण करने की होड़ मची हुई है। ग्राम के असामाजिक व दबंग लोगों के द्वारा सार्वजनिक स्थल या अन्य कहीं पर भी खाली पड़ी हुई शासकीय भूमि दिखती है तो उस पर तत्काल ही बलात कब्जा कर लिया जाता है ऐसा ही एक मामला जबेरा नगर के हृदय स्थल शासकीय रेस्ट हाउस की रिक्त पड़ी हुई शासकीय भूमि पर किए जा रहे अवैध निर्माण का प्रकाश में आया है।

ग्राम के जागरूक एवं समाजसेवी राजेश दुबे के द्वारा दिनांक 28 फरवरी 2026 को तहसीलदार महोदय को एक आवेदन दिया गया है जिसमें वर्णित किया गया है कि मौजा बम्होरी सिंगोरगढ़ पटवारी हल्का नंबर 50/10 खसरा नंबर128 जिस पर जबेरा का शासकीय रेस्ट हाउस बना हुआ है इस रेस्ट हाउस की रिक्त भूमि पर कुछ आसामाजिक तत्वों के द्वारा ग्राम के दबंग लोगों को साथ में लेकर के अनधिकृत कब्जा करने के उद्देश्य से अवैध रूप से निर्माण कार्य किया जा रहा है जो कि विधि विरुद्ध है ।उक्त निर्माण कार्य को जनहित में रोकना अति आवश्यक है।

राजेश दुबे ने तहसील महोदय को दिए गए अपने आवेदन में वर्णित किया है कि इसी तरह रेस्ट हाउस की जमीन से लगे हुए खसरा नंबर 126 की भूमि पर निर्मित अवैध कॉलोनी का प्रकरण माननीय आयुक्त महोदय के समक्ष लंबित है साथ ही न्यायालय श्रीमान तहसीलदार महोदय जबेरा के द्वारा भी उक्त भूमि पर स्थगन आदेश जारी है। स्थगन आदेश जारी होने के महीनों बाद भी उक्त भूमि पर भी धड़ल्ले से निर्माण कार्य किया जा रहा है।

उक्त जन हितेषी मांगों के समर्थन में समाजसेवी राजेश दुबे के द्वारा तहसीलदार महोदय को आवेदन देकर के माननीय महोदय से मांग की गई है कि जनहित में उक्त अवैध निर्माण कार्य पर तत्काल ही रोक लगाई जावे ,साथ ही उक्त प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराई जावे।

## तीन केंद्रों में चाक चौबंद व्यवस्था के साथ चल रहीं परीक्षायें

**हिण्डोरिया।** नगर हिंडोरिया में 10 वीं एवं 12 वीं बोर्ड की परीक्षाएं तीन परीक्षा केन्द्रों में मध्यप्रदेश शासन, शिक्षा विभाग एवं जिला कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के विशेष दिशा- निर्देशानुसार चाक चौबंद व्यवस्थाओं के बीच शांति पूर्ण चल रही है। इस सम्बन्ध में नगर के राष्ट्रपति पुरूष्कार प्राप्त शिक्षक एवं जिले मे पहली बार बेहतर पेपर लेस शांति पूर्ण मतदान कराने पर राज्य चुनाव आयोग भोपाल व्दारा सम्मानित शिक्षक दिलीप कुमार जोशी ने बताया कि इस वर्ष कक्षा 10 वी एवं कक्षा 12 वी बोर्ड की वार्षिक परीक्षाओं के लिये नगर के 03 स्कूलों में परीक्षा केन्द्र बनाये गये हैं। वर्तमान मे कक्षा 10 वी के बच्चों के गणित, विज्ञान, अंग्रेजी, संस्कृत, व्यवसायिक पाठयक्रम के पेपर हो चुके हैं। इसी तरह कक्षा 12 वी के विद्यार्थियों के अंग्रेजी, गणित, भौतिक शास्त्र, रसायन शास्त्र, अर्थ शास्त्र, राजनीति शास्त्र एवं वायोलाजी विषय के पेपर हो चुके हैं। शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय केन्द्र में दसवी मे 156 छात्र एवं बारहवीं मे 92 छात्र परीक्षा दे रहे हैं। यहाँ प्रदीप कुमार जैन केन्द्र अध्यक्ष हैं। वहीं शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी शाला केन्द्र मे दसवीं कक्षा मे 323 छात्राऐं एवं बारहवीं कक्षा मे 235 छात्राऐं केन्द्र अध्यक्ष रिचा चौबे की सख्त निगरानी मे इम्तेहान दे रहीं हैं। श्री जागेश्वर नाथ विधालय केन्द्र की कक्षा दसवी मे 174 बच्चे एवं कक्षा बारहवीं मे 178 बच्चे परीक्षा दे रहे हैं।यहाँ रघुराज सिंह केन्द्र अध्यक्ष हैं। इस तरह नगर के तीनों परीक्षा केन्द्रों में 1158 छात्र- छात्राऐं सीसीटीवी कैमरा एवं पुलिस की चाक चौबंद व्यवस्था के बीच बोर्ड का इम्तेहान दे रहे हैं।

## सात दिवसीय आवासीय विशेष शिविर का सफलतापूर्वक समापन

**दमोह।** माधवराव सप्रे शासकीय महाविद्यालय पथरिया की राष्ट्रीय सेवा योजना छात्र एवं छात्रा ईकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर का सातवें दिवस सफलता पूर्वक समापन हुआ उल्लेखनीय है, कि छात्र इकाई का शिविर ग्राम मिर्जापुर एवं छात्रा इकाई का शिविर ग्राम टीला में दिनांक 21/02/2026 से 27/02/2026 तक आयोजित किया गया है। शिविर का संयुक्त समापन ग्राम मिर्जापुर में आयोजित किया गया था मां सरस्वती तथा युवा युग प्रणेता स्वामी विवेकानंद जी की पूजा अर्चन कर कार्यक्रम प्रारंभ हुआ कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती दीपा चतुर्वेदी तहसीलदार पथरिया एवं विशिष्ठ अतिथि के रूप में थाना प्रभारी अमित मिश्रा एवं विशिष्ट अतिथि ग्राम मिर्जापुर के सरपंच अजीत पटेल रहे।

### होली गीतों संग पिचकारी से निकलेगा रंग, बाजार में खुशबू वाले गुलाल की मांग

# बाजार में सजी रंग-गुलाल व पिचकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा



होली पर्व की नजदीकियों को देखते हुए हटा में होली का बाजार सजने गये है। होली के त्योहार में अब केवल 2 दिन ही बचे हैं। पर्व के नजदीक आते ही बाजार में रौनक बढ़ने लगी है। रंग, गुलाल और विभिन्न तरह की पिचकारियों से सजे बाजार में खरीदारी के लिए लोग पहुंचने लगे हैं। इस बार बच्चों को म्यूजिक पिचकारी खूब पसंद आ रही है। यह पिचकारी बैटरी से चलती है, जिसमें खास बात यह है कि पिचकारियों से रंग होली के गानों के साथ निकलेगा। उल्लेखनीय है कि इस बार 02 मार्च को होलिका दहन और 3 मार्च को धुरेड़ी मनाई जा रही है और हर बार की तरह इस बार भी नगर में होली पर्व को लेकर लोगों में अब उत्साह दिखाई देने लगा है। लोगों के इसी उत्साह को दो गुना करने इस बार बाजार में होली से संबंधित साजो सामान की दर्जनों दुकानें सजाई गई है। रंग, गुलाल, पिचकारी की इन दुकानों में नए रूप रंग के दर्जनों आईटम रखे गए है।

### मुखौटे, नकली बाल और मूंछ की बिक्री-

होली के उत्सव को खास बनाने के लिए बाजार में डरावने मुखौटे के साथ नकली बाल और लंबी मूंछ आई हुई हैं, जिसकी मांग इन दिनों बढ़ी हुई है। मुखौटों में लाइट भी लगी हुई है, जो कई रंगों में जलती है। मुखौटे की कीमत 150 से 500 रुपए तक है। इसी प्रकार सायरन, बीन की आवाज वाली गन पिचकारी की भी बाजार में पसंद की जा रही है। इसके अलावा छोटा भीम, मिक्की माउस, सुपरमैन वाली गन पिचकारी भी हैं। परंपरागत पिचकारियां भी बाजार में आई हैं। हमेशा की तरह इस बार भी होली का बाजार बच्चों के लिए खास साजो सामान लेकर आया है। दुकानदारों ने बताया कि हर वर्ग की पहली पसंद गुलाल 100 रूपए प्रति किलो से प्रारंभ। होली में रंग गुलाल के अलावा लोक कलाकारों के फाग गीत की सीडी कैसेट तथा नगा नगाड़ा भी खूब बिक रहे है। दूसरी तरफ उत्साही बच्चे होलिका दहन की तैयारी में जुटे है।

### जिला शांति समिति की बैठक में जिला मजिस्ट्रेट ने दिये दिशा निर्देश

# कल होलिका दहन, 08 मार्च को रंगपंचमी मनाई जायेगी

**दमोह।** आगामी पर्व होलिका दहन, धुलेंडी (होली) एवं रंग पंचमी पर्व मनाए जाने संबंधी शांति समिति की बैठक कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार कोचर की अध्यक्षता कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में में संपन्न हुई। बैठक में अतिरिक्तध पुलिस अधीक्षक सुजीत कुमार भदौरिया, शांति समिति सदस्यगण, जिले के गणमान्य नागरिकगण एवं अधिकारीगण उपस्थित थे। जिला मजिस्ट्रेट श्री कोचर ने उक्त पर्वों को शांति/सद्भावना से मनाए जाने एवं संबंधित विभागों से व्यवस्थाएं बनाए रखने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा पर्वों को दृष्टिगत रखते हुए जिला प्रशासन पूर्व वर्षों की भांति सुचारू एवं व्यवस्थित संचालन हेतु तत्पर है, जिसमें समिति सदस्यों का पूर्ण सहयोग अपेक्षित है। आगामी पर्व के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रमों की तिथि आयोजकों, सदस्यों से प्राप्त कर कार्यक्रमों का निर्धारण किया गया। बैठक मे समिति सदस्यों ने बताया 02 मार्च सोमवार को होलिका दहन तथा 08 मार्च रविवार को रंगपंचमी मनाई जायेगी। जिला मजिस्ट्रेट श्री कोचर ने समिति सदस्यों के साथ आगामी पर्वों के संबंध में विस्तृत चर्चा संबंधित विभागों को निर्देशित किया होली के दौरान मंदिरों में कार्यक्रम होते हैं तथा महिलाओं की भी बड़ी संख्या में उपस्थिति रहती है, ऐसे स्थलों पर पर्याप्त पुलिस व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। पर्व अवधि में अवैध शराब की बिक्री से कानून व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका पर आबकारी एवं पुलिस विभाग संयुक्त रूप से कार्रवाई कर अवैध शराब के विक्रय पर पूर्णतः रोक लगाने के निर्देश दिए । जिला मजिस्ट्रेट श्री कोचर ने कहा राजनगर तालाब पर पिकनिक मनाने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती वहां पुलिस/होमगार्ड की आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था/निगरानी रखने हेतु निर्देश दिये गये। जिला मजिस्ट्रेट श्री कोचर ने डीजे एवं ध्वनि विस्तारक यंत्र के संबंध में स्पष्ट निर्देश दिए गए कि कोलाहल नियंत्रण अधिनियम का पालन करते हुए निर्धारित समय सीमा के बाद डीजे एवं ध्वनि विस्तारक यंत्र बंद कराए जाएं तथा विद्यार्थियों की परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए ध्वनि की तीव्रता नियंत्रित रखी जाए। सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि निर्धारित समय के पश्चात कहीं भी डीजे संचालित पाए जाने पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी तथा शांति समिति के सदस्य भी प्रशासन के साथ सहयोग करेंगे। होली एवं रंग पंचमी के दौरान मस्जिदों में भीड़ की संभावना को देखते हुए सभी मस्जिदों में पुलिस व्यवस्था रखने आवश्यकतानुसार पुलिस बल तैनात करने के निर्देश दिए गए। घंटाघर से विंदन तिराहा तथा टंडन बिल्डिंग से विंदन चौराहा तक ट्रैफिक समस्या की जानकारी बैठक में दी गई। इस पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं यातायात पुलिस को क्षेत्र का निरीक्षण कर रूट प्लान तैयार करने तथा यातायात व्यवस्था सुधारने हेतु निर्देशित किया ।

बैठक में दो पहिया वाहनों पर तीन सवारी बैठाने एवं तेज गति से वाहन चलाने पर पुलिस विभाग को विशेष अभियान चलाकर ओवरलोडिंग एवं तेज गति पर नियंत्रण रखने के निर्देश दिए। चूंकि रमजान माह चल रहा है, दुर्घटना की संभावना को देखते हुए यातायात पुलिस को आवश्यक कार्रवाई कर यातायात व्यवस्था सुचारू रखने के निर्देश दिए। पर्व अवधि में धार्मिक स्थलों पर स्वच्छता बनाए रखने हेतु कचरा पात्र रखने एवं नियमित साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने नगर पालिका को आवश्यक निर्देश दिये। जिला मजिस्ट्रेट श्री कोचर ने कहा 2 मार्च तक उमा मिस्त्री की तलैया में जैन समाज द्वारा आयोजित धार्मिक कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा एवं साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने संबंधित विभागों को आवश्यक व्यवस्थाएं करने निर्देशित किया ।

## बेटियों ने बढ़ाया रनेह का मान, शिक्षक पद पर चयन

**रनेह।** रनेह क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है कि रनेह निवासी प्रथा चौबे, साक्षी राजौरिया एवं आरती रिछारिया के साथ बिजवार की कल्पना लोधी ने मध्य प्रदेश प्राथमिक शिक्षक पद पर सफलता हासिल की है। प्राथमिक शिक्षक चयन परीक्षा के परिणाम में प्रथा चौबे ने गेस्ट फेकल्टी से 31वीं रैंक प्राप्त कर उल्लेखनीय सफलता हासिल की है तो वहीं आरती रिछारिया ने 70वीं रेंक प्राप्त कर अपना स्थान सुनिश्चित किया। साथ ही बिजावर से कल्पना लोधी ने गेस्ट फैकल्टी से 224वीं रैंक लगाकर सफलता प्राप्त की। जबकि साक्षी राजौरिया ने नॉन गेस्ट फेकल्टी अंतर्गत 554वीं रैंक हासिल की। गौरतलब है कि सभी चयनित बेटियां पूर्व में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रनेह की छात्राएं रही है। ग्राम की तीनों बेटियों को उनकी इस उपलब्धि से परिवार ही नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र में हर्ष और उत्साह का माहौल है। प्रथा चौबे मुकेश चौबे की सुपुत्री हैं। उनकी इस सफलता पर उनके पिता ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि प्रथा ने कड़ी मेहनत, अनुशासन और समर्पण के बल पर यह मुकाम हासिल किया है। उन्होंने बताया कि प्रथा बचपन से ही पढ़ाई के प्रति गंभीर रही हैं और हमेशा अपने लक्ष्य को लेकर दृढ़ संकल्पित रही हैं। प्रथा की मेहनत, लगन और निरंतर प्रयास का ही परिणाम है कि उन्होंने प्रतिस्पर्धा के इस दौर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए यह स्थान प्राप्त किया। उनकी सफलता ने यह सिद्ध कर दिया है कि समर्पण और दृढ़ निश्चय से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। परिजनों एवं ग्रामीणों ने प्रथा, आरती, साक्षी, कल्पना को अनंत बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। सभी ने आशा व्यक्त की है कि वे आगे भी ऐसे ही कीर्तिमान स्थापित कर क्षेत्र और प्रदेश का नाम रोशन करती रहेंगी।